
हरिभूमि
# रायपुर भूमि





**दो दिन में 1900 बच्चों का ईको, कार्डियक कैंप भी**

## पीएम जिन बच्चों से करेंगे बात, उनके लिए जांच का महाकुंभ, भीड़ इतनी कि संभालना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

सत्यसाईं संजीवनी हास्पिटल में दिल की बीमारी का इलाज कराने वाले बच्चों और उनके परिजनों में प्रधानमंत्री से मुलाकात के लिए भारी उत्साह है। अस्पताल की ओर से भेजे गए निमंत्रण के बाद अस्पताल में इतनी भीड़ जुट रही है कि





उसे संभालना मुश्किल हो गया है। अस्पताल परिसर हाई सिक्योरिटी जोन है इसलिए बच्चों और उनके परिवार को क्रिकेट स्टेडियम की पार्किंग में बनाए गए डोम में रुकवाया गया है। कार्यक्रम में शामिल होने वाले बच्चों के लिए तीन जांच महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दो दिन में 1900 बच्चों का ईको टेस्ट किया जा चुका है। एक नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नवा रायपुर के ▶▶|शेष पेज 13 पर

### नौ साल बाद आएंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नौ साल बाद सत्यसाईं संजीवनी हास्पिटल आएंगे। उन्होने वर्ष 2016 में पहली संस्थान में बनाए गए श्री सत्यसाईं संजीवनी सेंटर फॉर चाइल्ड हार्ट केयर और सत्यसाईं सौभाग्यम का उद्घाटन किया था। संस्थान की अपनी अलग पहचान इसलिए है कि यहां इलाज के लिए मरीज के परिजनों को एक रुपये खर्च करने की आवश्यकता नहीं होती है। 13 साल के सफर में यहां 30 हजार से अधिक बच्चों की दिल की बीमारी का इलाज किया गया है।

### लगभग 35 मिनट का कार्यक्रम


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक नवंबर को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सत्यसाईं संजीवनी हास्पिटल में होने वाले कार्यक्रम में वे लगभग 35 मिनट रुकेंगे। कार्यक्रम को लेकर अस्पताल परिसर में तैयारियों जोरों से चल रही हैं और शासन स्तर पर जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारी भी वहां की व्यवस्था का लगातार अवलोकन कर रहे हैं। समूचा हास्पिटल में विशेष बल और स्थानीय पुलिस बल की मदद से सुरक्षा का विशेष इंतजाम किया गया है।

### पड़ोसी देशों से आने की उम्मीद

अस्पताल में भारत के अलावा दूर देशों में रहने वाले बच्चों का इलाज भी किया गया है। इस कार्यक्रम में पड़ोसी देशों नेपाल, बांग्लादेश से भी माता-पिता के साथ बच्चों के आने की संभावना है। देश के विभिन्न राज्य यूपी, एमपी, हरियाणा, झारखंड, बिहार, ओडिशा से भी बच्चे यहां आ चुके हैं। छत्तीसगढ़ के भी काफी बच्चों के इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग से मारपीट चार गिरफ्तार



**रायपुर।** शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर बुजुर्ग के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। घटना का सीसीटीवी फूटेज सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार किया है। बुजुर्ग के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने कोटा निवासी रवि राजपूत, अभय सिंह, लोकेश राजपूत तथा आर्यन को गिरफ्तार किया है।

### युवक से लूट अपराध दर्ज



**रायपुर।** आजाद चौक थाना क्षेत्र में युवक के साथ लूट मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। कुम्हारी, बोरसी निवासी रितेश देवांगन ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। रितेश ने पुलिस को बताया है कि रविवार रात वह टहलते हुए अपने घर जा रहा था। मारुति बिजनेस पार्क के सामने रामकुंड निवासी निक्की, टिटू और हरीश ने उसकी गर्दन पर बीयर की टूटी बोतल टिकाकर एक हजार रुपए नकदी लूटने के साथ उसके फोन-पे से एक दुकानदार को तीन सौ रुपए यूपीआई करावाया।

### होटल कर्मचारी ने किया साढ़े सात लाख रुपए का गबन

**रायपुर।** तेलीबांधा थाना में एक होटल के सीनियर अकाउंटेंट ने अपने अधीनस्थ अकाउंटेंट के खिलाफ साढ़े सात लाख रुपए गबन करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। होटल बेबीलॉन के सीनियर अकाउंटेंट कृष्णार्जुन शर्मा ने सत्यजीत मजूमदार के खिलाफ गबन की शिकायत दर्ज कराई है। कृष्णार्जुन ने पुलिस को बताया है कि वेंडरों के अकाउंट में जमा करने दी गई रकम को सत्यजीत ने होटल प्रबंधन की बगैर जानकारी वर्ष 2023 से 2025 के बीच अपने लिए खर्च कर अमानत में खयानत की है।

### दुकान से तीन लाख का मोबाइल चोरी कर ले गया



**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक मोबाइल कारोबारी ने अज्ञात चोर के खिलाफ दो महंगे 2 लाख 85 हजार रुपए के मोबाइल चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कटोरा तालाब गली नंबर दो में राजधानी मोबाइल के संचालक रॉकी सचदेवा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। रॉकी ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर 13 अक्टूबर को उसकी दुकान में मोबाइल खरीदने के लिए आया। दुकान में ग्राहकों की भीड़ ज्यादा होने की वजह से ग्राहक के रूप में आए चोर को रॉकी ने थोड़ी देर इंतजार करने के लिए कहा। इस दौरान चोर दुकान में उपस्थित अन्य ग्राहक, दुकान संचालक तथा कर्मियों की आंखों में धूल झोंक कर आई फोन चोरी कर ले गया। सीसीटीवी पड़ताल करने पर दुकान संचालक को मोबाइल चोरी की जानकारी मिली।

### पीएम प्रवास को लेकर कड़ी सुरक्षा, तगड़े इंतजाम

## छह रास्तों से जा सकेंगे नवा रायपुर पार्किंग तय, भारी वाहनों पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राज्य स्थापना की रजत जयंती में अतिथि के रूप में शामिल होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक नवंबर को रायपुर पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए राज्योत्सव का आयोजन भव्य तरीके से किया जा रहा है। राज्योत्सव में शामिल होने सभी जिले से लोग पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री की सुरक्षा तथा लोगों को आवाजाही करने में किसी तरह से परेशानी न हो, इस बात को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। एयरपोर्ट से लेकर नवा रायपुर आने-जाने के छह रूट निर्धारित किए गए हैं। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में 14 डीआईजी स्तर के अफसर सहित 95 पुलिस अफसरों की स्पेशल टीम गठित की गई है। सुरक्षा प्रभारी एडीजी दिपांशु काबरा बनाए गए हैं। उनके साथ रेंज आइजी अमरेश मिश्रा और रायपुर एसएसपी डा. लाल उमेद सिंह सुरक्षा की निगरानी करेंगे। ये तीनों अफसर ▶▶|शेष पेज 13 पर

- प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए राज्य पुलिस के 95 अफसरों की विशेष टीम




### भारी वाहनों की नो एंट्री

नवा रायपुर में एक नवंबर को भारी वाहनों और बसों की नो-एंट्री रहेगी। आम लोगों के मार्ग भी बदले जाएंगे। प्रधानमंत्री का रूट एयरपोर्ट से सेक्टर-24, फिर सत्य साईं अस्पताल, विधानसभा भवन और ट्राइबल म्यूजियम तक रहेगा। एयरपोर्ट का मेन गेटर बंद रहेगा, यात्रियों को पुराने टर्मिनल से आवाजाही करनी होगी।

### इन वस्तुओं को नहीं ले जा सकते

जिस दिन प्रधानमंत्री आएंगे उस दिन नवा रायपुर राज्योत्सव स्थल एवं अन्य सभी कार्यक्रम आयोजन स्थल में प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षा जांच से गुजरना होगा। मेला स्थल जाने वाले अपने साथ शराब, सूखा नशीला पदार्थ, लाइटर, माचिस, फटाका, आदि ज्वलनशील पदार्थ, अन्य विस्फोटक पदार्थ, लाठी-डंडे, चाकू,-तलवार एवं आग्नेय हथियार, वैनर-पोस्टर, ध्वनी विस्तारक यंत्र, लैपटाप, इलेक्ट्रानिक गैजेट इत्यादि सामाग्री नहीं ले जा सकेंगे।

### एक घंटे का मॉक ड्रिल

प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए सुरक्षा जायजा लेने एयरपोर्ट में पुलिस अफसरों ने एक घंटे का मॉक ड्रिल किया। मॉक ड्रिल के दौरान जो खामियां नजर आईं, उसे दूर करने के साथ जरूरी सुरक्षा बदलाव किया गया। पुलिस अफसरों का काफिला एयरपोर्ट से नया रायपुर तक पहुंचा। वहां भी सुरक्षा व्यवस्था देखी गई।

### एयरपोर्ट से नया रायपुर वन-वे

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में अलग-अलग जिलों से आने वालों के लिए छह रूट तय किए गए हैं। इधर, रोड शो की बैरिकेडिंग के लिए एयरपोर्ट से नवा रायपुर तक वन-वे कर दिया गया है। हर रूट के लिए एक क्यूआर कोड बनाया गया है, जिसे स्कैन करने पर कार्यक्रम स्थल का नक्शा और रास्ता मोबाइल पर दिखाई देगा। लोकेशन के आधार पर कोई भी व्यक्ति कार्यक्रम स्थल तक आसानी से पहुंच सकेगा। जिस रूट से प्रधानमंत्री का आवागमन होगा, वहां आम लोगों का आना-जाना प्रतिबंधित रहेगा। इसीलिए आम लोगों के लिए अलग रूट तय किया गया है।

### इन छह रूट से मेला स्थल पहुंच सकते हैं

1 - बलौदाबाजार, बिलासपुर, बेमेतरा, मुंगेली की ओर से आने वाले रिंग रोड-3, सेरीखेड़ी, नवा रायपुर, स्टेडियम टर्निंग, कयाबांधा अंडरब्रिज, सीबीडी स्टेशन, सेक्टर-22 टर्निंग से पार्किंग पी-15 पहुंचेंगे।

2 - आरंग, खरोरा, महासमुंद, बलौदाबाजार की ओर से आने वाले लखौली, नवागांव रेलवे क्रासिंग, क्रिकेट स्टेडियम, सेंध तालाब, सत्यसाईं अस्पताल चौक, सेक्टर-22 से पी-15 में पहुंचेंगे।

3 - अभनपुर, धमतरी, बालोद, दुर्ग की ओर से बस से आने वाले मोनफोर्ट स्कूल, एचएनएलयू, ट्रिपल आइटी चौक, उपरवारा, मुक्तांगन तिराहा से पार्किंग पी-12, स्टेशन पार्किंग पी-13 और गोल्फ ▶▶|शेष पेज 13 पर

## भारतमाला प्रोजेक्ट मुआवाजा घोटाले में तीन पटवारी गिरफ्तार







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतमाला प्रोजेक्ट में 43 करोड़ रुपए से ज्यादा मुआवजा घोटाला में ईओडब्लू, एसीबी ने तीन पटवारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पटवारियों को बुधवार को ईओडब्लू की विशेष अदालत में पेश किया गया। ईओडब्लू के आवेदन पर कोर्ट ने तीनों पटवारियों से पूछताछ करने चार नवंबर तक पुलिस रिमांड स्वीकृत की है। ईओडब्लू ने नायकबांधा के तत्कालीन पटवारी दिनेश पटेल, टोकरो में पटवारी रहे लेखराम देवांगन तथा भेलवाडीह के तत्कालीन पटवारी बसंती धृतलहरे को गिरफ्तार किया है। तीनों पटवारी पर आरोप है कि इन लोगों ने वर्ष 2020 से 2024 के बीच रायपुर-विशाखापट्टनम ▶▶|शेष पेज 13 पर

- पूछताछ करने चार नवंबर तक कोर्ट से मिली पुलिस रिमांड

### आधा दर्जन से ज्यादा लोगों ने हाईकोर्ट में लगाई थी अर्जी

भारतमाला परियोजना मुआवजा घोटाला में तत्कालीन एसडीएम निर्भय साहू सहित आधा दर्जन से ज्यादा लोगों ने ईओडब्लू की कार्रवाई के खिलाफ तथा गिरफ्तारी से बचने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। बचाव तथा अभियोजन पक्ष का तर्क सुनने के बाद कोर्ट ने 28 अक्टूबर को सुनवाई करते हुए कहा कि जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और मामला गंभीर आर्थिक अनियमितताओं से जुड़ा है। ऐसे में आरोपियों को अग्रिम जमानत देने से जांच प्रभावित हो सकती है। इसलिए सभी याचिकाएं निरस्त की जाती हैं।

## एक आपरेटर, दो भृत्य के लिए 1792 आवेदन

**कृषि उपज मंडी पेंड्रा में नौकरी के लिए मारामारी**

**तखतपुर में भी दो पदों के लिए आए थे 2700 आवेदन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में कंप्यूटर आपरेटर के एक और भृत्य के दो पदों के लिए 1792 दावेदार सामने आए हैं। दरअसल, पेंड्रा की कृषि उपज मंडी समिति में इन तीन पदों के लिए सीधी भर्ती निकली है, और ये दावेदार केवल पेंड्रा के नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के हैं। कृषि उपज मंडी समिति पेंड्रा में डीपीटी( कंप्यूटर आपरेटर) के एक पद सामान्य और भृत्य के दो पदों जिसमें एक सामान्य और आरक्षित वर्ग का भी हिस्सा है। इसके लिए सीधी भर्ती की जानी है। जुलाई से शुरु हुई इस प्रक्रिया के बीच अब अक्टूबर के अंत में दावा - आपत्ति के बाद पात्र-अपात्र की अंतिम संशोधित सूची आई है। डीपीटी आपरेटर के एक पद के लिए 961 आवेदक पात्र और 109 अपात्र पाए गए हैं। भृत्य के दो पदों में से एक सामान्य के लिए 486 लोग पात्र पाए गए हैं जबकि 55 सामान्य 12 एसटी,और 168 एसटी आवेदक अपात्र मिले। इसी तरह भत्य के लिए पात्र और अपात्र दोने की संख्या भी सामने आई है। कुल मिलाकर इन तीन पदों के लिए दावेदारों की संख्या 1792 रही।

### दूसरी मंडी में भी यही हाल

प्रदेश के कुछ कृषि मंडियों के सेटअप में सीधी भर्ती के जो पद खाली हैं, उनमें भर्ती की जा रही है। लेकिन वहां भी ऐसा ही हाल है। तखतपुर मंडी में एक डीपीटी आपरेटर और एक सहायक ग्रेड-3 के एक पद के लिए कुल 2700 लोगों के आवेदन आए थे। हालांकि यहां भर्ती प्रक्रिया हो चुकी है।

### अभी और परीक्षा भी है बाकी

पेंड्रा मंडी में इन तीन पदों पर भर्ती के लिए समिति को भारी मश्क्कत करनी पड़ रही है। अब डीपीटी आपरेटर पद के लिए पात्र पाए गए आवेदकों की लिखित परीक्षा ली जाएगी। जो उसमें पास होगा उसमें से भी सबसे बेहतर को यह नौकरी मिलेगी। भृत्य के दो पदों के लिए यह प्रक्रिया अलग होगी। इनकी परीक्षा नहीं ली जाएगी। इस पद के लिए योग्यता आठवीं पास होना जरुरी है। भत्य पद के आठवी की परीक्षा में सबसे अधिक नंबर लाने वाले को चुना जाएगा।

## दिसंबर अंत से शुरू होंगी सेमेस्टर परीक्षाएं, 13 नवंबर तक भर सकेंगे परीक्षा फॉर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने दिसंबर-जनवरी सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए हैं। विद्यार्थी सामान्य परीक्षा फीस के साथ 8 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। पोर्टल 29 अक्टूबर को खोला गया है। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन होगी। छात्रों को सेमेस्टर परीक्षा में शामिल होने रविवि की वेबसाइट में जाकर परीक्षा फॉर्म भरना होगा। फीस का भुगतान भी ऑनलाइन विधि से ही होगा। 100 रूपए विलंब शुल्क के साथ रविवि छात्रों को 9 से 13 नवंबर तक का समय देगा। रेगुलर और प्राइवेट दोनों ही छात्रों को इस समयावधि के दौरान आवेदन करना होगा। रविवि ने स्पष्ट किया है कि तय तिथि के बाद

- रविवि ने शुरु किया आवेदन पोर्टल, 100 रुपए विलंब शुल्क के साथ दिया जाएगा अतिरिक्त समय



छात्रों को अतिरिक्त समय आवेदन के लिए नहीं दिया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद स्नातक स्तर पर भी सेमेस्टर परीक्षाएं ही होती हैं। ऐसे में आवेदन स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों ही पाठ्यक्रम के लिए प्रारंभ किए गए हैं।

### प्रायोगिक परीक्षाएं अगले माह

सूत्रों के अनुसार, रविवि की सेमेस्टर परीक्षाएं दिसंबर के अंतिम पखवाड़े अथवा जनवरी के प्रथम पखवाड़े से प्रारंभ होंगी। इसके पहले स्वाध्यायी और नियमित दोनों ही विद्यार्थियों के लिए प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। नवंबर माह से इसकी शुरुआत हो सकती है। आंतरिक मूल्यांकन भी इस दौरान किया जाएगा, जिसके अंक अंतिम परीक्षा परिणाम में जुड़ेंगे। स्वाध्यायी छात्रों के लिए भी यह अनिवार्य होगा।

## छग के विश्वविद्यालयों से पढ़ाई करने वाले नहीं बन सकते काउंसिलर, पीएससी ने लौटाया

**लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत होनी है भर्ती, माह में मंगाए गए थे आवेदन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोक सेवा आयोग के अंतर्गत की जाने वाली भर्ती एक बार फिर विवादों में आ गई है। इस बार डिग्री के नाम को लेकर इस तरह के नियम बना दिए गए कि परीक्षार्थियों का दस्तावेज सत्यापन किए बगैर ही उन्हें लौटाया जा रहा है।

मामला क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट एवं काउंसिलन मनोरोग भर्ती का है। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों पर इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से नियुक्ति की जानी है। इसके लिए आवश्यक योग्यता

- स्थानीय विश्वविद्यालयों में पढ़ाई काउंसिलर की ही, लेकिन डिग्री के नाम को लेकर विवाद



क्लिनिकल साइकोलॉजी में मास्टर की डिग्री रखी गई। छत्तीसगढ़ के विश्वविद्यालयों में भी साइकोलॉजी अर्थात मनोविज्ञान की पढ़ाई कराई जाती है, लेकिन डिग्री के नाम के रूप में केवल मास्टर इन साइकोलॉजी ही लिखा जाता है। पं.रविशंकर शुक्ल विवि सहित प्रदेश के सभी शासकीय विश्वविद्यालयों में इसी शीर्षक से डिग्री प्रदान की जाती है। छग के शासकीय विश्वविद्यालयों से पढ़ाई करने वाले उम्मीदवार पीएससी के तय शेड्यूल के मुताबिक बुधवार को डिग्री सत्यापन के ▶▶|शेष पेज 13 पर

### चुनना होता है विषय

मास्टर इन साइकोलॉजी की प्रथम वर्ष की पढ़ाई करने के बाद विद्यार्थियों को दूसरे वर्ष विशेष विषय के रूप में दिए गए विकल्पों में से किसी एक का चयन करना होता है। इसमें क्लिनिकल साइकोलॉजी सहित 9 विकल्प प्रदान किए जाते हैं। इनमें नैदानिक, संज्ञानात्मक, विकासात्मक, सामाजिक, असामान्य, जैविक और शैक्षिक मनोविज्ञान, व्यवहार , औद्योगिक विषय शामिल होते हैं। इसका जिक्र मार्कशीट में बनी अंकतालिका में है। इसके बाद भी पीएससी इसे मान्य नहीं कर रहा है। इसकी काउंसिलिंग बुधवार को प्रारंभ हुई, जो 8 नवंबर तक चलेगी। बुधवार को वापस लौटाए गए अभ्यर्थियों ने कहा, लोक सेवा आयोग इस पद पर भर्ती के लिए पहले से उच्च न्यायालय में केविएट दायर कर चुका है। यही कारण है कि लोग आपत्ति नहीं कर पा रहे हैं।

### एनएमसी नहीं देता मान्यता

लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन जारी किए जाने के दौरान जो शर्तें निर्धारित की गई थीं, उसमें नेशनल मेडिकल कमीशन से मान्यता प्राप्त होने की बात कही गई थी। जबकि एनएमसी मास्टर इन आर्ट्स इन क्लिनिकल साइकोलॉजी जैसा कोई कोर्स संचालित ही नहीं करता है। गौरतलब है कि लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट एवं काउंसलन मनोरोग विशेषज्ञ भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 28 अप्रैल को शुरू हुए और 27 मई को समाप्त हो गए थे। मनोरोग विशेषज्ञ के 6, क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट के 12 तथा काउंसलर मनोरोग के 2 पदों पर इसके माध्यम से भर्ती होगी। 590 अभ्यर्थियों ने इसके लिए आवेदन किया है, जिनके दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया जारी है।

## मोंथा आज भी कराएगा बारिश, राजधानी सर्वाधिक गर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चक्रवात मोंथा उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसकी गति पहले से कम है और यह कमजोर हो रहा है, लेकिन इसके बाद भी मौसम पर इसका हल्का असर देखने को मिल रहा है। सरगुजा संभाग के कुछ जिलों विशेषकर बस्तर में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग द्वारा साझा की गई



जानकारी के अनुसार, मोंथा जगदलपुर से दक्षिण-पश्चिम दिशा में 220 किलोमीटर दूर स्थित है। इसके उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए आंध्रप्रदेश और उससे लगे तेलंगाना तथा दक्षिण छत्तीसगढ़ को पार करने और इसके अवदाब के रूप में परिवर्तित होने की संभावना है। इसके प्रभाव से 30 अक्टूबर को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। इसमें रायपुर भी शामिल है। राजधानी में आज आकाश मेघमय रहने तथा हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### विधायक पुरंदर मिश्रा का महापौर ने किया स्वागत

**रायपुर।** रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा नगर निगम के सामान्य सभा की बैठक में पहुंचे। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे, नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने श्री मिश्रा बुके देकर स्वागत किया। पुरंदर मिश्रा ने नगर विकास से संबंधित एजेंडे पर चर्चा करने के लिए सदन में मौजूद सभी पार्षदों को धन्यवाद दिया।

### एमसीसी से नहीं मिला डेटा, आवंटन स्थगित

**रायपुर।** ऑल इंडिया कोट के तीसरे राउंड में शामिल हो चुके अभ्यर्थियों को राज्य कोटे के मॉपअप राउंड के आवंटन प्रक्रिया से हटाना अनिवार्य है। इसके लिए एमसीसी द्वारा आवश्यक डेटा 1 नवबंर के बाद उपलब्ध कराया जाएगा। इसे ध्यान रखते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग के मॉपअप राउण्ड की सीट आवंटन प्रक्रिया जो पूर्व निर्धारित थी, उसे अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया है। अफसरों के मुताबिक इस संबंध में आगामी सूचना संचालनालय की वेबसाइट पर दी जाएगी।

### मातृ मृत्यु में कमी के लिए महत्वपूर्ण पहल

**रायपुर।** राज्य में कुल 69 प्रथम प्रबंधन इकाइयाँ नामित हैं, जो वर्तमान में क्रियाशील हैं। इन इकाइयों का उद्देश्य है कि गर्भावस्था एवं प्रसव के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित जटिलताओं के कारण कोई भी गर्भवती महिला अपनी जान न गंवाए। इसी लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, राजधानी रायपुर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन स्वास्थ्य विभाग और यूनिसेफ से सहयोग से किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य मातृ मृत्यु में कमी लाना, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की क्षमताओं का सुदृढ़ीकरण करना तथा प्रथम प्रबंधन इकाइयों की भूमिका को और प्रभावी बनाना है। कार्यशाला में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, चिकित्सा अधिकारी , स्टाफ नर्स, लेबर रूम स्टाफ नर्स एवं संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया।

### घर-घर ऑक्सीज़ोन, हर घर में हरियाली अभियान प्रारंभ

**रायपुर।** शहर के राजधानी विहार कॉलोनी, सड्डू में ग्राम विकास गतिविधि के कृषि आयाम, पर्यावरण मित्र अवंती विहार छत्तीसगढ़ एवं गायत्री प्रज्ञा पीठ तेलीबांधा रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में घर-घर ऑक्सीज़ोन – हर घर में हरियाली अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। मुख्य वक्ता आचार्य देवेंद्र वर्मा ने भारत की गौ और प्रकृति पर आधारित गौरवशाली कृषि एवं जैविक जीवनशैली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अभियान एक अद्भुत पहल है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. केके साहू ने कहा कि हमें एक स्वस्थ और हरित भविष्य के लिए प्रकृति की ओर लौटना होगा। हरियाली दीदी के नाम से प्रसिद्ध पुष्पा साहू ने छत की खेती के अपने अनुभव साझा करते हुए सभी से अपने घर की छत पर गमलों में सब्ज़ी एवं फलदार पौधे लगाने का आह्वान किया। अशोक साहू द्वारा अरूणिका आम लगाकर छत की खेती की शुरुआत की गई। इस अवसर पर उपस्थित समस्त लोगों ने एक फलदार पेड़ अपने मां के नाम लगाने का संकल्प लिया।

# ढाई लाख से अधिक की हर सरकारी खरीदी पर 2 प्रतिशत की दर से होगी स्रोत पर कटौती, वित्त ने जारी किया आदेश

- सरकार के वित्त विभाग ने जारी किया नया आदेश
- हर सरकारी विभाग, निगम, मंडल पर होगा लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अब छत्तीसगढ़ सरकार या उससे संबंधित किसी भी प्राधिकरण या संस्था में अगर ढाई लाख रुपए से अधिक की खरीदी होगी, तो वहां 2 प्रतिशत की दर से स्रोत पर कटौती (जीएसटी-टीडीएस) होगी।

सरकार के वित्त विभाग ने यह आदेश प्रदेश के सभी विभागों, राजस्व मंडल, सभी संभागायुक्त, सभी विभागाध्यक्ष और सभी कलेक्टरों के लिए जारी किया है। खास बात ये है कि खुद वित्त विभाग ने माना है कि इस संबंध में पहले से मौजूद प्रावधान का पालन न किए जाने के कारण राज्य शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है। केंद्रीय माल एवं सेवा कर अधिनियम के तहत एवं छत्तीसगढ़ माल एवं सेवाकर अधिनियम के तहत शासकीय विभागों के लिए की जाने वाली सामाग्री खरीदी एवं सेवा प्राप्ति प्रदायकर्ता (सप्लायर) तथा ठेकेदारों को किए जाने वाले भुगतान में स्रोत पर कटौती के संबंध में पूर्व में जारी किए गए निर्देशों को निरस्त करते हुए नए निर्देश जारी किए गए हैं।




### इन संस्थानों पर लागू होगा नया निर्देश

राज्य सरकार के वित्त विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि शासकीय विभाग या स्थापना, संचालनालय, स्थानीय प्राधिकारी, शासकीय अभिकरण शासन के डीडीओ, राज्य सरकार की कंपनिया, निगम, मंडल, आयोग, विश्वविद्यालय, प्राधिकरण, अनुदान प्राप्त शासकीय संस्थाओं या किसी नाम से राज्य शासन के कार्यालयों द्वारा, किसी कराधेय वस्तु या सेवा के लिए 2.5 लाख से अधिक का भुगतान होने पर दो प्रतिशत की दर से स्रोत पर कटौती किया जाएगा।

### सरकार को होता है राजस्व का नुकसान

वित्त विभाग ने यह निर्देश जारी करते हुए बताया है कि कार्यालयों द्वारा जीएसटी-टीडीएस डिडक्टर) के रूप में उक्त प्रावधानों का अनुपालन नहीं किये जाने से राज्य शासन को राजस्व की क्षति होती है। इसलिए इन प्रावधानों का अनुपालन अनिवार्यतः होना चाहिए। समस्त कार्यालयों द्वारा अपने भुगतानकर्ता अधिकारियों, आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के माध्यम से जीएसटी-टीडीएस) के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये। एक वित्तीय वर्ष के दौरान जीएसटी-टीडीएस के लिए 2.5 लाख प्रति वेंडर की सीमा का उल्लंघन न हो, समस्त कार्यालयों द्वारा वस्तु एवं सेवा प्रदाय के भुगतान संबंधी देयकों में वेंडर की जीएसटीइन नंबर को अंकित करने की व्यवस्था की जाए तथा भुगतान के पूर्व यह सुनिश्चित किया जाए कि वेंडर द्वारा दिया गया जीएसटिन वर्तमान में सक्रिय,वैध हो।

छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा के औचक निरीक्षण में राशन दुकानों में पाई गई गड़बड़ी

# राशन दुकान में कहीं 950 क्विंटल चावल गायब, कहीं ढाई सौ कार्ड धारकों के अंगूठे लगवाकर जमा कराए कार्ड मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राशन कार्ड धारकों को समय पर खाद्यान्न वितरण हो सके, इसके लिए रायपुर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा उचित मूल्य की दुकानें खोली गई हैं, लेकिन कई दुकान संचालकों द्वारा चावल में की जा रही गड़बड़ी के कारण हर महीने सैकड़ों कार्ड धारकों को चावल ही नहीं मिल पा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने बुधवार को जिले की कई दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कहीं 950 क्विंटल चावल गायब मिला, तो कहीं लगभग ढाई सौ कार्ड जमा मिले। इन कार्डों को उनके धारक के ईपॉस मशीन में अंगूठा लगवाकर जमा कराए गए थे, लेकिन उनके कोटे का चावल दुकान से गायब मिला। इसके अलावा कोई दुकान बंद मिली, तो कहीं भारी मात्रा में चावल कम पाया गया। इधर जिन दुकानों में गड़बड़ी पाई गई है, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश आयोग अध्यक्ष ने जिला खाद्य अधिकारी को दिए हैं।






### जांच कर निलंबन करेंगे

आयोग अध्यक्ष के औचक निरीक्षण में तीन दुकानों में गड़बड़ी तथा एक दुकान बंद पाई गई है। जिन दुकानों में चावल की गड़बड़ी मिली है। इसकी जांच कर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

-भूपेंद्र मिश्रा
खाद्य नियंत्रक ,रायपुर

### शिकायतों के आधार पर औचक निरीक्षण

खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने बताया कि वे लगातार हर जिले में उचित मूल्य की दुकानों के हितग्राहियों को वितरण किए जाने वाले खाद्यान्न के भंडारण, वितरण एवं शिकायतों की समीक्षा कर रहे हैं। इस दौरान रायपुर जिले की समीक्षा के दौरान कई दुकानों के विरुद्ध शिकायत मिली थी। इन शिकायतों के आधार पर उन्होंने जिले के चार दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वे सेरीखेड़ी में संचालित आईडी क्रमांक 442001044 राशन दुकान पहुंचे। यहां ऑनलाइन चावल स्टॉक का मिलान किया, जिसमें ऑनलाइन स्टॉक की तुलना में दुकान में 950 क्विंटल चावल कम मिला। इस दुकान के संचालक ने हितग्राहियों के कोटे का चावल उन्हें वितरण नहीं कर बाजार में खपा दिए थे। इसी प्रकार ठाकुर प्यारेलाल वार्ड में संचालित आईडी नंबर 441001332 की दुकान बंद पाई गई। इस दुकान के आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि दुकान खुलती ही नहीं, जिसके कारण उन्हें दूसरी दुकान से खाद्यान्न लेने जाना पड़ता है। वार्ड 39 में संचालित एक अन्य दुकान जिसकी आईडी 441001143 है। यहां भी पोर्टल में दिखा रहे स्टॉक के एवज में 228 क्विंटल चावल कम मिला।

### इस दुकान में ढाई सौ कार्ड जमा एवं 100 क्विंटल चावल गायब मिला

जोरा स्थित आईडी नंबर 442001026 की राशन दुकान में 250 हितग्राहियों के कार्ड जमा मिले। इन कार्डों के धारकों की ईपॉस मशीन में एंट्री कराकर संचालक ने अपने दुकान में जमा कर रखा था। जांच में यहां 100 क्विंटल चावल का स्टॉक गायब मिला। इस दुकान संचालक ने हितग्राहियों के कोटे का चावल बाजार में खपा कर अतिरिक्त चावल आवंटन के इंतजार में था।

### चार दुकानों में मिली 16 सौ क्विंटल चावल की हेराफेरी

जिले में सिर्फ चार दुकानों के निरीक्षण में लगभग 16 सौ क्विंटल चावल की हेराफेरी मिली हैं, जिसकी कीमत 65 लाख रुपए के करीब है। जिले में 7 सौ से अधिक दुकानें संचालित हैं। इनमें रायपुर शहर में ढाई सौ से अधिक दुकानें हैं। आयोग अध्यक्ष का कहना है कि वे लगातार दुकानों का निरीक्षण करेंगे, जहां गड़बड़ी मिलेगी उस दुकान के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश देंगे।

### छूटे हितग्राहियों को वितरण करने अतिरिक्त चावल आवंटन के निर्देश

सेरीखेड़ी की दुकान में लगभग 150 हितग्राहियों को अभी तक चावल नहीं मिल पाया है। अध्यक्ष ने इस दुकान संचालक पर कार्रवाई करने के साथ विभागीय अधिकारी को तत्काल इस दुकान में अतिरिक्त चावल का भंडारण कराकर शेष हितग्राहियों को वितरण करने के निर्देश भी दिए हैं।

बैज की मांग

# आयोग सुनिश्चित करे एसआईआर में पारदर्शिता और ईमानदारी हो

बीएलओ हर घर में भौतिक रूप से जरूर पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चुनाव आयोग ने देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण एसआईआर की घोषणा की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कांग्रेस मांग करती है कि आयोग यह सुनिश्चित करे कि एसआईआर के काम में पारदर्शिता और ईमानदारी हो। पहले निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची का इलेक्ट्रॉनिक डेटा सभी राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराना चाहिए।



किसी भी संशोधन से पहले सभी दलों के बीएलए से चर्चा करनी चाहिए, इसके बिना किसी भी नागरिक से मतदान का अधिकार छीनना लोकतंत्र के खिलाफ अपराध है। उन्होंने कहा, एसआईआर का काम मूल रूप से बीएलओ के माध्यम से ही पूरा होगा। बीएलओ घर-घर जा कर दस्तावेज का मिलान करेगा।

बीएलओ हर घर में भौतिक रूप से जरूर पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाए। बीएलओ जब मतदाता के घर आए तो उसके आने का पुष्टि प्रमाण पत्र मतदाता से लिखवा कर ले। इससे यह सुनिश्चित हो जाएगा कि बीएलओ ने एक जगह बैठकर कागजी सर्वे नहीं किया। किसी मतदाता का नाम सूची से काटा जाए, तो वह अपात्र है यह प्रमाणित करने का दायित्व आयोग का होना चाहिए.न कि मतदाता का। मतदाता को दस्तावेज प्रस्तुत करने का पूरा समय दिया जाए।

### सरकार या दल विशेष का एजेंडा न हो

उन्होंने कहा, एसआईआर के काम में आयोग की नीयत सही होनी चाहिए। एसआईआर का काम विशुद्ध रूप से आयोग का दिखना चाहिए, न कि सरकार या दल विशेष का एजेंडा प्रदर्शित हो। सत्ताधारी दल के राजनीतिक लाभ के लिए एक सेट पैटर्न में फिल्टर लगाकर वोट डिलीट करना अनुचित है, टेबल टॉप मिलान के आंकड़े निर्वाचन आयोग जारी करे।

# साय को रमन ने विधानसभा भवन के लोकार्पण समारोह का दिया आमंत्रण

**यह प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण होगा : साय**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को आगामी 1 नवम्बर को होने वाले नवीन विधानसभा भवन के लोकार्पण समारोह में आमंत्रित करते हुए औपचारिक आमंत्रण पत्र भेंट किया। मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह अत्यंत हर्ष और गर्व का अवसर है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की रजत जयंती वर्ष के शुभ अवसर पर प्रदेश की जनता को नवीन विधानसभा भवन समर्पित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर-कमलों से इस भव्य एवं सुसज्जित विधानसभा भवन का लोकार्पण प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण होगा। यह भवन छत्तीसगढ़ की लोकतांत्रिक परंपराओं, विकास यात्रा और जनभावनाओं का प्रतीक बनेगा, जिसके हम सभी साक्षी बनेंगे।

# प्रधानमंत्री को अमित जोगी ने लिखा पत्र आवास योजना की सीबीआई जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के अध्यक्ष अमित जोगी ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर, इस घोटाले की सीबीआई जांच की मांग की है। उन्होंने कहा, भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को ग्रामीण घरों का सबसे बड़ा आवंटन दिए जाने के बावजूद, व्यापक भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के कारण पूरी परियोजना का उद्देश्य दम तोड़ रहा है। उन्होंने लिखा, इच्छित लाभार्थी, छत्तीसगढ़ के गरीब और वंचित लोग, एक पक्के घर के अपने अधिकार से क्रूरतापूर्वक वंचित किए जा रहे हैं। यह विरोध के लिए नहीं है, बल्कि पीड़ित लोगों की आवाज को देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचाने का एक कर्तव्यपालन प्रयास है। मुख्य प्रवक्ता भगवानू नायक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में पत्र में उल्लिखित प्रमुख अनियमितताओं का विवरण दिया गया है। उन्होंने कहा, इस घोटाले के बड़े पैमाने और लापरवाही को देखते हुए एक उच्च-स्तरीय, निष्पक्ष सीबीआई जांच अनिवार्य हो गई है।



### आवास मित्रों द्वारा रिश्वतखोरी

अधिकारी पुराने घरों या अन्य लोगों के घरों को नया पीएमएवाई घर प्रमाणित करने के लिए रिश्वत ले रहे हैं। जिससे बिना कोई नया निर्माण कराए धनराशि का भुगतान किया जा रहा है। पीएमएवाई नियमों के विपरीत, मौजूदा घरों पर दूसरी मंजिल का निर्माण कराया जा रहा है और धोखाधड़ी से लाभ प्राप्त करने उन्हें नए घर के रूप में पास किया जा रहा है।

### अयोग्य लाभार्थी मनरेगा कोष का गबन

सूचीबद्ध लाभार्थियों के नाम पर गैर-पात्र व्यक्तियों को पीएमएवाई निधि आवंटित की जा रही है, जबकि वास्तविक गरीब वंचित रह जा रहे हैं। श्रम भुगतान घटक, जिसका भुगतान मनरेगा कोष से किया जाना है। लाभार्थियों के नाम पर बनाए गए नकली बैंक खातों में डायवर्ट किया जा रहा है, जिससे सरकारी धन की सीधी लूट हो रही है। मजदूरों को उनका मेहनताना नहीं मिल पा रहा है।

# अनुसूचित क्षेत्रों के लिए खरीदा जाएगा 56 हजार मीट्रिक टन चना

**पूर्व की निविदा शर्तों में परिवर्तन किए जाने के कारण पुनः ई-आक्सन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में आदिवासी क्षेत्रों में चना वितरण को लेकर बुलाए गए ई-टेण्डर में छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम ने केंद्र और राज्य सरकार, संयुक्त उपक्रमों तथा प्रशिक्षित फर्मों तथा प्रतिष्ठानों से 2025-26 में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत चना क्रय के लिए ई-ऑक्शन पुनर्निविदा के माध्यम से आमंत्रित किया है। अधिकारियों ने बताया कि पूर्व के टेंडर की शर्तों में परिवर्तन किए जाने के कारण दोबारा टेंडर जारी किया गया है।

नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंध संचालक के डिप्टी एजीएम द्वारा राज्य में आदिवासी जिले (माडा पॉकेट) में चना आपूर्ति के लिए 55,890 मीट्रिक टन चना खरीदा जाएगा। एक किलो की पैकेजिंग होने की शर्ते रखी गई है। 50 किलो के पीपी बैग्स से इसकी आपूर्ति की जाएगी। चयनित जिलों के गोदाम तथा वितरण केन्द्रों में पहुंचाया जाएगा। राज्य में चना आपूर्ति के टेण्डर के लिए दूसरी बार पुनर्निविदा आमंत्रित की गई है। चना खरीदी के लिए समस्त देस्तावेज राज्य सरकार की वेबसाइट पर उपलब्ध है। पिछले कई वर्षों से दिल्ली के एक संयुक्त उपक्रम तथा एक जिले के प्रभावशाली परिवार द्वारा यह ठेका लिया जाता रहा है।



### बोली लगाने वाले फर्मों, उपक्रमों को दिया जाएगा पर्याप्त समय

डिप्टी एजीएम द्वारा 22 अक्टूबर को जारी किया गया है। निविदा में भाग लेने वाली फर्मों को अंतिम पंजीयन के लिए 31 अक्टूबर का समय दिया गया है। 4 नवंबर को आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा आवश्यक तकनीकी दस्तोवज जमा करना होगा। निविदाकर्ताओं के समक्ष 10 नवंबर को आवश्यक दस्तावेज रखा जाएगा। बोलीकर्ताओं द्वारा निविदा के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की जाएगी, ताकि ज्यादा बोली आए।

### 400 करोड़ की चना खरीदी होगी : श्रीवास्तव

राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहा, चना क्रय ई-ऑक्शन प्लेटफार्म के माध्यम से इसकी आपूर्ति 12 आदिवासी जिलों में की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसकी कीमत 400 करोड़ रुपए आंकी गई है। अध्यक्ष के अनुसार प्रत्येक बोलीदारों से अलग-अलग चर्चा एमडी नान करेंगी, उनका निर्णय अंतिम होगा। प्रत्येक निविदाकार को ब्लाक 7ए दूसरी मंजिल मुख्यालय अटल नगर में आना होगा। टेण्डर की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर ली जाएगी।

**न्यायालय कृति कुजूर न्यायाधीश, षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 रायपुर छ.ग.**
**प्रकरण क्रमांक-165ए/2025 प्रोसेस क्रमांक 1838/2025 पेशी तारीख- 18.11.2025**
**मोह. अतहर मलिक ............वादी**
**विरुद्ध**
**श्रीमती माया गुप्ता व अन्य ........प्रतिवादी**

वादी मो. अतहर मलिक पिता मो. रफीक पता स्वास्तिक बेकरी के पास बैजनाथपारा रायपुर ने आप **अनावेदकगण** 1 03 कुसुम गुप्ता पति श्री पारस चंद गुप्ता निवासी- जी.एस. कश्यप का मकान चर्च के सामने वाली गली न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर तह. व जिला -रायपुर छ.ग. के विरुद्ध वाद संस्थित किया है। आपको न्यायालय में तारीख 18.11 2025 को दिन में 11.00 बजे उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समंस किया जाता है। आप स्वयं न्यायालय में या ऐसे किसी पलीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिस सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जा रहा है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपको प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे में हो या अपना प्रतिरक्षा या मुजराई को दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भरता करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा। आज तारीख 09.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है ।
**नोट-** यदि कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा ।

मुहर
कृति कुजूर
न्यायाधीश, षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2
रायपुर छ.ग.

**आम सूचना**

वाके मौजा-माना बस्ती, प.ह.नं. 00080, रा.नि.मं. रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 758/33 रकबा 0.0210 हेक्टेयर अर्थात 2250 वर्गफुट भूमि के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री उमाशंकर तिवारी पिता स्व. श्री राधेश्याम तिवारी, निवासी-माना बस्ती, रायपुर छ.ग. द्वारा विक्रेता लक्ष्मीकांत देवांगन पिता स्व. श्री बुधराम देवांगन निवासी-कुशालपुर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि वाके मौजा-माना बस्ती, प.ह.नं. 00080, रा.नि.मं. रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 758/33 रकबा 0.0210 हेक्टेयर अर्थात 2250 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि प्रदान कर दिया है, केवल बैनामा पंजीयन कराना शेष है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति संस्था निकाय बैंक, बीमा, निगम, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्था को किसी भी प्रकार की दावा, आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पता में मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा इसके समक्ष शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा हमारे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा।

रायपुर, छत्तीसगढ़
दिनांकः 29.10.2025

**अजय मिश्रा (अधिवक्ता)**
**पता-गणपत चौक, हीरापुर, रायपुर (छ.ग.) मो.नं.- 9575698096**

**न्यायालय द्वितीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस**

प्रकरण क्र. MJC-187/2025
आदेश दिनांक.. 10/10/2025
पेशी दिनांक 27/11/2025
प्रोसेस क्रमांक 388/25

श्री/श्रीमती नीतु यादव, पिता/पति अरविंद यादव, निवासी ग्राम नगोई तह.बेलगहना, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)... आवेदिका/ आवेदक विरुद्ध श्री अरविंद यादव, पिता लखन लाल यादव निवासी गोलधर, कैलाश नगर, वीरगांव तह.धरसींवा, जिला-रायपुर (छ.ग.) ...अनावेदक

इस न्यायालय में आवेदिका श्रीमती नीतू यादव ने अनावेदक के विरूद्ध धारा 144 भा.ना.सु.सं. बाबत आवेदन पत्र पेश किया है, जिसकी पेशी दिनांक 27/11/25 को है।

अनावेदक श्री अरविंद यादव उम्र 37 वर्ष पिता श्री लखन लाल निवासी कैलाश नगर, वीरगांव को इस समाचार पत्र के प्रकाशन के द्वारा आवेदन का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है कि इस प्रकरण में पेशी दिनांक 27/11/25 को न्यायालय में प्रातः 11:00 बजे स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 27/11/25 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहता है तो अगले दिन अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 28/10/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
दिनांक – 28/10/25
स्थान-बिलासपुर (छ.ग.)

(श्रीमती स्वर्णलता टोप्पो)
द्वितीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय, बिलासपुर (छ.ग.)

**:: आम सूचना ::**

**ग्राम-माना, प.ह.नं.80, रा.नि.मं.- रायपुर-18-कांदुल तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि के संबंध में।**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार रजिन्दर सिंग चावला आत्मज स्व. दीवानसिंग चावला निवासी- रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि वाके मौजा ग्राम- माना, प.ह.नं. 80, रा.नि.मं.- रायपुर-18- कांदुल तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में नगर निगम सीमा के बाहर स्थित खसरा नंबर 124/5 का भाग, खसरा नंबर 157/2 का भाग, खसरा नंबर 159 का भाग, खसरा नंबर 160/1 का भाग, खसरा नंबर 160/2 का भाग, खसरा नंबर 161/2 का भाग, खसरा नंबर 161/3 का भाग रकबा लगभग 2.5 एकड है उक्त भूमि हमारे पक्षकार विक्रय करना चाहते हैं।

उपरोक्त वर्णित संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सोसायटी, बैंक, शासकीय-अर्धशासकीय निकाय, महाजन अथवा किसी पारिवारिक सदस्य या अन्य को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजर, दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि से 07 दिनों के भीतर हमारे कार्यालय में मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेंवे । समयावधि पश्चात की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा इसके समक्ष शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा हमारे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 29/10/2025

हरनामदास सुदंरानी
कौशलेन्द्र तिवारी,
अनंत तिवारी
(अधिवक्तागण)
लिबर्टी जम्बो फोटो कापी सेंटर, कचहरी चौक, रायपुर (छ. ग.) मो.: 98261-81154

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मिनी माता के नाम पर नवीन विस भवन के नामकरण की मांग

**मंदिर हसौद।** छत्तीसगढ़ के नवीन विधानसभा भवन की मांग अविभाजित मध्य प्रदेश प्रथम



महिला संसद समाज सेवी गुरु माता ममता मई मिनी माता की नाम पर पूर्व की भांति यथावत रखने की मांग राजेन्द्र टंडन खौली आरंग सरपंच ने जिन्होंने 67 नवीन शराब दुकान के प्रथम विरोध किया । उन्होने कहा कि ममता मई मिनी माता की योगदान सभी समाज के उत्थान के लिए एक समाज सेविका के रूप में रही। जिसकी छत्तीसगढ़ के विकास में विशेष योगदान रहा। जिन्होंने महिलाओं को राजनीति व शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। जहां उनकी योगदान और सतनामी समाज की सम्मान को ध्यान में रखते हुए। पूर्व विधानसभा की भांति छत्तीसगढ़ के नवीन विधानसभा भवन जिसके लोकार्पण 1 नवंबर छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होना है। जिसको लेकर माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उप मुख्यमंत्री अरुण साव विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह गुरु खुशवंत साहेब अनुसूचित जाति विकास विभाग कैबिनेट मंत्री से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मांगा किया गया।

### आपत्तिजनक टिप्पणी पर सतनामी समाज उग्र

**सिलयारी।** सतनामी समाज रायपुर ग्रामीण के पूर्व जिला



अध्यक्ष एवं धरसींवा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहां कि सतनामी समाज जो सदैव सामाजिक न्याय समानता और सम्मान के सिद्धांतों पर अडिग रहा है। आदेश सोनी द्वारा सतनामी समाज को गाय काटने वाला समाज कहकर की गई अत्यंत अपमानजनक और घृणास्पद टिप्पणी ने पूरे समाज को आहत किया है। यह बयान न केवल हमारे समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है बल्कि यह अनुच्छेद 15 (जातिगत भेदभाव निषेध) और SC/ST (अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की स्पष्ट अवहेलना है। इस कानून के तहत, किसी अनुसूचित जाति के सदस्यों के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का प्रयोग या उनकी जाति से जुड़ी घृणा फैलाना गंभीर अपराध है, जिसके लिए कड़ी सजा का प्रावधान है। सतनामी समाज को गाय काटने वाला समाज कहने वाले आदेश सोनी के खिलाफ एट्रोसिटी एक्ट का मामला दर्ज करें।

### सीआरपीएफ भिलाई में लीवर जांच शिविर किया



**आरंग।** मंगलवार को डीआईजी दुर्गा भवानी राजनाला के मार्गदर्शन में ग्रुप केंद्र भिलाई के मेंस क्लब में लीवर जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रायपुर के उर्मिला मेमोरियल हास्पीटल के डाक्टरों की टीम उपस्थित होकर लोगों की लीवर का परीक्षण किया।इस मौके पर रायपुर के जाने-माने लेप्रोस्कोपी सर्जन विनोद कुमार सिंह ने लोगों की जीवन शैली पर विचार रखते हुए कहा अनियमित जीवन शैली व दिनचर्या लोगों के स्वास्थ्य पर गहरा असर डाल रहा है।

## निधन

### खेमराज सिन्हा

**अभनपुर।** सामाजिक सेवा में सक्रिय तथा स्वास्थ्य विभाग



सेवानिवृत्त अधिकारी अभनपुर बस्ती निवासी खेमराज सिन्हा ( 65 ) का 29 अक्टूबर को ह्दयघात से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया।

## नगर निगम की सामान्य सभा में 14 एजेंडों पर मुहर

# नेता प्रतिपक्ष बदलने पर हंगामा, 4 पार्षदों के साथ संदीप धरने पर बैठे, 2 पार्षदों के साथ आकाश ने मोर्चा संभाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की सामान्य सभा में नेता प्रतिपक्ष बदलने को लेकर जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस के 8 पार्षद में से 4 पार्षदों के साथ संदीप साहू इसके विरोध में धरने पर बैठ गए। 2 पार्षदों के साथ आकाश तिवारी ने मोर्चा संभाला। प्रश्नकाल तक वे सभापति की आसंदी के सामने जमीन पर बैठे रहे। सभापति सूर्यकांत राठौर ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, पर वे उनके दिए गए जवाब से संतुष्ट नहीं हुए और अपने साथी पार्षदों के साथ सामान्य सभा से बाहर चले गए। सामान्य सभा में जनहित से जुड़े 14 एजेंडों पर चर्चा के बाद बहुमत के आधार पर प्रस्ताव सदन से पारित किया गया। रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा में मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष को लेकर गहमागहमी रही। जिला कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे के पत्र के अनुसार आकाश तिवारी को कांग्रेस पार्षद दल का नेता सामान्य सभा में सभापति सूर्यकांत राठौर ने घोषित किया। महापौर मीनल चौबे ने बुके देकर नव नियुक्त नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी का स्वागत किया। सभा शुरू होते ही एक घंटे के प्रश्नकाल की शुरुआत में सभापति सूर्यकांत राठौर ने पर्ची निकालकर प्रश्नों का चयन किया।

- **प्रश्नकाल तक जमीन पर बैठे रहे, सभापति ने समझाया पर माने नहीं, सदन छोड़कर चले गए**



### सदन में नेता प्रतिपक्ष को लेकर छिड़ गई बहस

प्रश्नकाल के बाद संदीप साहू ने सभापति सूर्यकांत राठौर से सीधे सवाल किए कि किसके दबाव में आकर उन्हें नेता प्रतिपक्ष पद से आनन-फानन में हटाया गया है? उन्होंने सभापति पर एकतरफा निर्णय लेने का आरोप भी लगाया। संदीप साहू का कहना था कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष के रूप में सचिवालय का पत्र मिला है। मंगलवार रात 8 बजे नेता प्रतिपक्ष पद से हटाए जाने की जानकारी मिली। सभापति सूर्यकांत राठौर ने जवाब में कहा कि मैंने राजनीति में आज तक किसी के दबाव में काम नहीं किया, आपके मन की पीड़ा समझता हूं। नगर निगम के इतिहास में यह पहला मौका है, जब 8 महीने में ही किसी पार्टी ने नेता प्रतिपक्ष के रूप में दूसरे का नाम भेजा हो। कांग्रेस जिला अध्यक्ष के पत्र के अनुसार नेता प्रतिपक्ष घोषित किया गया है। यह कांग्रेस पार्टी का मामला है। पार्टी अध्यक्ष जिस नाम की अनुंशसा कर भेजता है, उसका नाम सदन मान्य करता है। यह नियम नगर निगम में है और विधानसभा में भी यही होता है।

### इन प्रस्तावों को मिली मंजूरी

*20 करोड़ की लागत से होगा महादेवघाट का पुनर्विकास :* महादेवघाट के पुनर्विकास के लिए 20 करोड़ की स्वीकृति का प्रस्ताव पारित किया गया। इस राशि से महादेवघाट में उज्जैन के महाकालेश्वर की तर्ज पर महादेवघाट कारीडोर बनाया जाएगा। महापौर मीनल चौबे ने सदन को बताया कि नगर उत्थान योजना के तहत इस प्रोजेक्ट में 3 एजेंसी तीन फेज में काम करेगी। पहले फेज में रायपुर निगम 20 करोड़ का काम कराएगा। खारुन नदी के किनारे स्थित ऐतिहासिक हटकेश्वर महादेव मंदिर के पास यज्ञशाला, भव्य प्रवेशद्वार, आकर्षक लैंड स्केपिंग कराई जाएगी। ग्रास पेवर, शेड युक्त गलियारा, पाथवे का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा व्यवस्थित रूप से वेंडर शॉप की स्थापना की जाएगी, ताकि घाट में अनियंत्रित व्यवसाय पर रोक लगाई जा सके। सौर ऊर्जा से संचालित लाइटपोल, एलईडी, बोलार्डस और डेकोरेटिव लाइट लगाई जाएंगी।

*बूढ़ापारा बिजली आफिस चौक से पचपेड़ी नाका तक गौरवपथ 2 :* सिटी डेवपलमेंट प्लान के तहत शहर के बूढ़ापारा सीएसईबी चौक से पचपेड़ी नाका तक के मार्ग को गौरवपथ 2 के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव। सामान्य सभा में बहुमत के साथ पारित हुआ। लोक विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने पार्षदों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में बताया कि इससे मुख्य शहरी क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी। मुख्य मार्ग सड़क का चौड़ीकरण, पब्लिक टायलेट का निर्माण, स्ट्रीट लाइट और रोड एवं स्ट्रीट साइनेज कार्य कराया जाएगा।

*5 सर्व सम्मति, 9 बहुमत से पारित हुए एजेंडे :* सामान्य सभा में लाए गए 14 एजेंडों में 5 एजेंडे सर्वसम्मति से पारित हुए। इनमें नामांतरण शुल्क, टाउनहाल का किराया निर्धारण संबंधी एजेंडा, सुभाष स्टेडियम की दुकानों को लीज पर देने संबंधी एजेंडा शामिल है।

### विस भवन और राज्योत्सव स्थल का मंत्री खुशवंत किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छत्तीसगढ़ के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब जी ने आज नवा रायपुर स्थित नए विधानसभा भवन एवं आगामी राज्योत्सव मेला स्थल का विस्तृत निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री जी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि – राज्योत्सव केवल एक सांस्कृतिक उत्सव नहीं है बल्कि छत्तीसगढ़ की पहचान और गौरव का प्रतीक है। हमें इसे राज्य की गरिमा के अनुरूप भव्य एवं दिव्य बनाना हैं। कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने लोकतंत्र के नवीन विधानसभा भवन के साथ–साथ रजत जयंती महोत्सव राज्योत्सव मेला स्थल के कार्यों की प्रगति, सुरक्षा व्यवस्थाओं, पार्किंग, जनसुविधा केंद्रों, मंच और प्रदर्शनी स्थलों की तैयारियों की बारीकी निरीक्षण कर जायजा लिया। आगे उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आम नागरिकों, विद्यार्थियों और दिव्यांगजनों के लिए सुगम आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करे ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को इस महोत्सव से जोड़ सकें। कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने राज्योत्सव स्थल पर लगने वाले विभिन्न विभागीय प्रदर्शनियों और स्थानीय उत्पादों के स्टॉलों का निरीक्षण कर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राज्योत्सव हमारे कारीगरों, युवाओं और उद्यमियों के लिए अवसरों का महोत्सव है।

### संसार का सबसे बड़ा सुख पुत्र सुखः डॉ. स्वामी इन्दुभवानन्द तीर्थ

**रायपुर।** श्री शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला रायपुर में चल रहे चातुर्मास प्रवचन माला के क्रम को गति देते हुए कार्तिक मास के पुनीत पर्व पर श्रीमद् देवी भागवत के प्रसंग पर शंकराचार्य आश्रम के प्रमुख डॉ स्वामी इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज ने बताया कि संसार का सबसे बड़ा सुख पुत्र सुख माना जाता है। वेदव्यास जी ने सरस्वती नदी के किनारे अपने आश्रम में गौरैया पक्षी का जोड़ा देखकर के आश्चर्य चकित हो गए अंडे से तत्काल पैदा हुआ लाल मुखवाले सुंदर अंगों वाले एवं पंख रहित शिशु को घोंसले में छोड़कर के गौरैया चिरैया का दंपति परिश्रमपूर्वक चारा लाकर उसके मुख में डाल रहा था, यह दृश्य देख करके श्री वेदव्यास जी मोहग्रसित हो गये। विचार करने लगे पक्षियों में ऐसा अद्भुत प्रेम है तो मनुष्य की तो बात ही क्या है? अपनी सेवा का फल चाहने वाले मनुष्य में ऐसा प्रेम व्यवहार होने में आश्चर्य ही क्या है? पुत्र के शरीर का आलिंगन और विशेष रूप से उसका लालन-पालन इस संसार में सभी सुखों में उत्तम सुख माना जाता है। पुत्र रहित मनुष्य की ना तो सद्गति होती है और ना तो स्वर्ग की प्राप्ति होती है अतः



परलोक साधन के लिए पुत्र से बढ़कर अन्य कोई उपाय नहीं है। संतानहीन प्राणी मृत्यु काल में दुखी रहता है मन में विचार करता है कि मेरे पास धन है, भवन है, पर इस धन और भवन का कोई बारिश नहीं है उसका मन भ्रमित होता है। भ्रांत मन वाले प्राणी की दुर्गति अवश्य होती है। मुझे भी पुत्र प्राप्त करना चाहिए ऐसा विचार करके वह तप करने के लिए मेरु पर्वत पर जाने का विचार कर रहे थे इसी बीच में नारद जी का आगमन हो गया। नारद जी ने भगवती देवी की उपासना की ओर वेदव्यास जी को प्रेरित कर दिया। कार्यक्रम के सभी भक्तों ने मिलकर श्रीमद् देवी भागवत पुराण की आरती और पुष्पांजलि संपन्न की। कथा यजमान पुहुपराम साहू ने आरती संपन्न की।

### नेवरा में विद्युत उपकेंद्र निर्माण के लिए मंत्री ने किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



नेवरा में नए 33/11 के व्ही उपकेंद्र निर्माण कार्य का भूमि पूजन मंत्री टंक राम वर्मा सहित अन्य हुए उपस्थित।

मुख्यमंत्री अधोसंरचना विद्युत विकास योजना अंतर्गत नए 33/11 के व्ही उपकेंद्र निर्माण कार्य क्षमता 1× 3.15 एम व्ही ट्रांसफार्मर बीएनबी स्कूल रोड नेवरा में किया जा रहा है, जिसकी लागत 327 लाख रुपए है। जिसका भूमि आज शाम बारात घर गुरु घासीदास चौक नेवरा के पास में किया गया जिसमें अतिथि के रूप में मंत्री टंक राम वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला डॉ खुमान वर्मा, भाजपा नेता राम पंजवानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वय मनोज निषाद एवं नरसिंग वर्मा मुख्य रूप से अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मंत्री टंक राम वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे तिल्दा नेवरा के भाजपा नेता राम पंजवानी ने कहा था कि तिल्दा नेवरा में विकास की कमी नहीं होनी चाहिए,मंत्री ने कहा कि उनके मनसा अनुरूप तिल्दा नेवरा में आज विकास की गंगा बह रही है,उन्होंने कहा कि तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र में विकास में कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं भाजपा सरकार की भुरी भूरी प्रशंसा की। साथ ही कहा कि नए विद्युत सब स्टेशन खुलने से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि एक नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस है, राज्य की सौगात पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने दी है। उन्होंने कहा कि इस दिन सभी लोग अपने अपने घरों में एक दिया जरूर जलाएं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला वर्मा, भाजपा नेता राम पंजवानी, पार्षदगण ईश्वर यदु, रानी सौरभ जैन,विनोद नेताम, दिनेश साहू, सतीश निषाद, मनोज निषाद, नरसिंह वर्मा, नरेंद्र शर्मा, दिलीप शर्मा, तुलसी गौतम, किरण वर्मा, सहित बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकजन उपस्थित थे।

### पेज 11 के शेष...

#### पीएम जिन बच्चों से..

सत्यसाईं संजीवनी हास्पिटल उन बच्चों से दिल की बात करेंगे, जिन्होंने यहां स्वास्थ्य लाभ लिया है। हास्पिटल के कार्यक्रम और प्रधानमंत्री से मुलाकात के कार्यक्रम के आमंत्रण ने बच्चों के साथ उनके परिजनों में उत्साह भर दिया। सोमवार से विभिन्न राज्यों से उनके हास्पिटल पहुंचने का दौर शुरू हो गया और मंगलवार-बुधवार को हास्पिटल में लोगों का मेला लग गया। इस दौरान वहां 10 पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट सहित डाक्टरों की टीम ने तीन दिन जांच कुंभ की शुरुआत की गई है। दो दिनों में करीब 1900 बच्चों का ईको टेस्ट सहित अन्य जांच की गई। प्रधानमंत्री के आगमन ही वजह से समूचा हास्पिटल परिसर हाई सिक्योरिटी जोन है, इसलिए आने वाले बच्चों और उनके परिवार का क्रिकेट स्टेडियम की पार्किंग में अस्थायी ठिकाना बनाया गया है। वहां लोगों के ठहरने के लिए पांच डोम तैयार करने के साथ मूलभूत सुविधा देने का प्रयास किया गया है। चर्चा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहले यानी 31 अक्टूबर को मशहूर क्रिकेटर सुनील गावस्कर इन बच्चों और उनके परिजनों से मुलाकात करेंगे।

#### छह रास्तों से जा सकेंगे ...

पीएम मोदी के सभी कार्यक्रमों में साथ रहेंगे और सुरक्षा तैयारियों की हर स्तर पर मानिटरिंग करेंगे। पुलिस के अनुसार राज्योत्सव और प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान नवा रायपुर में ट्रैफिक डायवर्सन और सुरक्षा जोन लागू किया जाएगा। *16 स्थानों पर की गई पार्किंग व्यवस्था :* राज्योत्सव समारोह में आने वाले लोग ट्रैफिक जाम न फंसें और आने-जाने वालों को कोई परेशानी न हो, इसलिए नवा रायपुर में 16 जगहों पर पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। सभी पार्किंग मेला स्थल से एक से सवा किमी दूरी पर हैं। पार्किंग से मेला स्थल पहुंचने के लिए लोगों को किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसलिए वहां हर दिन 100 ई-रिक्शों के साथ ही बसें भी तैनात की जाएंगी। लोग इन पर निशुल्क यात्रा कर मेला स्थल पहुंच सकेंगे।

#### इन छह रूट से मेला...

मैदान पार्किंग पी-14 में पहुंचेंगे। 4 - धमतरी, बालोद, दुर्ग की ओर से कार और बाइक से आने वाले अभनपुर, बकतरा, केन्द्री-बेन्द्री, मिंटू पब्लिक स्कूल, निमोरा प्रशासनिक अकादमी, निमोरा से पार्किंग पी-11 तक आएंगे। 5- दुर्ग, बालोद, खैरागढ़, राजनांदगांव की ओर से आने वाले पचपेड़ी नाका, बोरियाकला, माना बस्ती, तूता होकर पार्किंग पी-8, पी-9 और निमोरा बस्ती के पीछे पी-10 में पहुंचेंगे। 6- गोबरा नवापारा, राजिम, गरियाबंद की ओर से आने वाले नवागांव, खंडवा, जंगल सफारी, ट्रिपल आइटी, मुक्तांगन तिराहा से पार्किंग पी-12, स्टेशन पार्किंग पी-13 व गोल्फ मैदान पार्किंग पी-14 तक पहुंचेंगे। 7-दोपहिया पार्किंग - तूता धरना स्थल के दोनों तरफ स्थित पार्किंग स्थल पी-5, पी-6 और पी-7 में की जाएगी। 8-हवाई यात्रियों के लिए मार्ग - एक नवंबर को माना विमानतल में न्यू टर्मिनल से आवागमन होगा इसलिए हवाई यात्रियों को न्यू टर्मिनल आने-जाने में असुविधा हो सकती है। समय व सुरक्षा का ध्यान रखते हुए हवाई यात्री पुराने टर्मिनल से आवागमन कर सकते है, पुराना टर्मिनल का मार्ग खुला रहेगा।

#### भारतमाला प्रोजेक्ट मुआवाजा...

प्रस्तावित इकानामिक कारिडोर (भारतमाला परियोजना) के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान भू-माफिया के साथ मिलकर शासन को भारी आर्थिक हानि पहुंचाने का काम किया है। भारतमाला परियोजना मुआवाजा घोटाला में ईओडब्लू, एसीबी पूर्व में जमीन दलाल, लोक सेवक सहित 10 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

*इस तरह की गई धोखाधड़ी :* घोटाला करने पटवारियों ने भू-माफिया और कुछ निजी व्यक्तियों के साथ मिलकर भूमि का बैक डेट में बंटवारा और नामांतरण कर कूटरचित दस्तावेज तैयार किए। इसके बाद जमीन का नए सिरे से बंटवारा, नामांतरण कर शासन द्वारा अधिग्रहित भूमि को पुनः शासन को विक्रय कर मुआवजा प्राप्त कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने का काम किया। कई मामलों में भूमि स्वामी के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को मुआवजा दिलाने और निजी भूमि को गलत तरीके से अधिग्रहित दिखाकर टुकड़ों में बांटकर भुगतान लेने के ईओडब्लू, एसीबी को प्रमाण मिले हैं।

#### छग के विश्वविद्यालयों से पढ़ाई ...

लिए पहुंचे। पीएससी ने इनकी डिग्री देखते ही उन्हें लौटा दिया। सत्यापन करने वाले विशेषज्ञों ने उम्मीदवारों से कहा, आप पात्र नहीं है क्योंकि आपके डिग्री में केवल साइकोलॉजी लिखा है ना कि क्लिनिकल साइकोलॉजी। अब ये उम्मीदवार चयन प्रक्रिया से बाहर हो गए हैं। दूसरी ओर, छग में दूसरे राज्यों की निजी विश्वविद्यालयों की ब्रांच है। इन ब्रांच द्वारा दी गई उपाधि में क्लिनिकल साइकोलॉजी का जिक्र है, इसलिए इन्हें पात्र कर दिया गया है।

### बहनाकाड़ी पंथी दल एक को दिल्ली में देगा प्रस्तुति



**चंदखुरी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर जिले में स्थित भगवान श्री राम के ननिहाल कौशल्या धाम चंदखुरी एवं गुरु अमरदास बराडेरा धाम के बीच में स्थित ग्राम बहानाकाडी के युवा जागृति पंथी नित्य दल देश की राजधानी दिल्ली संसद भवन में एक नंबर को देगी अपनी प्रस्तुति दल प्रमुख वेद प्रकाश माहेश्वरी ने बताया कि सोन चिरैया द्वारा आयोजित दिल्ली सरकार के संयुक्त आयोजन देशज में देश के 15 से 20 राज्यों के कलाकार अपनी प्रस्तुति देने आ रहे हैं जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश से युवा जागृति पंथी नृत्य दल वेद प्रकाश माहेश्वरी एवं साथियों द्वारा संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा जी के बताएं संदेश उपदेशों को मानव,मानव एक सामान जैसे संदेशों को गीतऔर नृत्य के माध्यम प्रचार प्रसार दल प्रमुख वेद प्रकाश माहेश्वरी एवं 20 सदस्यों को 31अक्टूबर को स्वामी विवेकानंदअंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे रायपुर से दिल्ली संसद भवन के लिए करेगी।

### कार्यालयीन समय पर तहसील में सन्नाटा

**अभनपुर।** खोरपा उप तहसील कार्यालय में कर्मचारियों की लापरवाही सामने आया है कार्यालय का समय सुबह 10 बजे से निर्धारित है, लेकिन अधिकांश दिनों में 11 बजे तक भी कर्मचारी नदारद रहते हैं। बुधवार सुबह भी कार्यालय परिसर में सन्नाटा पसरा रहा न कोई अधिकारी मौजूद था, न ही कर्मचारी, इस स्थिति से ग्रामीणों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि जरूरी कामों के लिए आने पर घंटों इंतजार करना पड़ता है, कई बार तो बिना काम के ही लौटना पड़ता है। उक्त विषय मे अतिरिक्त



तहसील श्री सोनकर को जानकारी लेने पर उन्होने कहा कि जो भी कर्मचारी समय का पालन नहीं कर रहे हैं उसका मै तत्काल जांच करवाता हु। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि अब प्रशासन सख्ती बरतेगा ताकि उप तहसील कार्यालय में समयपालन की व्यवस्था बहाल हो सके।

## शिक्षकों ने अपने जन्मदिन पर कई स्कूलों में कराया न्योता भोज

# संकुल खमतराई में न्योता भोज का विद्यार्थियों ने लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने और उन्हें पौष्टिक आहार के महत्व से परिचित कराने के उद्देश्य से आओ खुशिया बांटे अंतर्गत , बुधवार को शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक एवम हाई स्कूल खमतराई, संकुल खमतराई संकुल समन्वयक श्री हरीश दीवान जी के द्वारा अपने जन्मदिवस पर /"आओ खुशियां बांटे/" कार्यक्रम के तहत एक विशेष 'न्योता भोज' का आयोजन किया गया। संकुल समन्वयक हरीश दीवान की पहल पर आयोजित इस भोज में लगभग 140 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान बच्चों ने खीर, पूड़ी, मिठाई, मिक्चर जैसे स्वादिष्ट व्यंजनों का भरपूर आनंद लिया और इस आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया। दीवान सर ने बच्चों को संबोधित करते हुए संतुलित और अंकुरित आहार के महत्व को समझाया और कहा कि बच्चों की खुशी से उन्हें हार्दिक प्रसन्नता होती है। इस सफल और आनंदमय आयोजन में शाला परिवार, संकुल प्राचार्य, लायक सिंह डहरिया, संकुल समन्वयक हरिश दीवान, प्रधान पाठक, एन डी मणिकपुरी, सी एल एनेवरी, बबिता लहरे, सीमा राठौर, शिक्षकगण तारकेश्वर डडसेना, पुणेश्वर साहूहेमा बंजारे, सौरभ साहू, भूषण जलक्षत्रि, कोमल सिंह राठौर और मध्यान्ह भोजन महिला स्व सहायता समूह की सक्रिय सहभागिता रही। यह आयोजन बच्चों को पौष्टिक भोजन के प्रति प्रेरित करने और उनके बीच सौहार्द बढ़ाने का एक सफल प्रयास रहा।





### शिक्षिका ने जन्मदिन में कराया न्योता भोज

आरंग। जिला कलेक्टर रायपुर डॉ गौरव कुमार सिंह के प्रोजेक्ट आओ खुशियाँ बाँटे के अंतर्गत अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलाई की वरिष्ठ व्याख्याता शिक्षिका अंजली साहू ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भिलाई के सभी बच्चों को जलेबी खिलाकर न्योता भोज कराया। साथ ही समस्त स्टाफ को भी जलपान कराया। न्योता भोज में विशेष रूप से संकुल प्राचार्य चंद्रु लाल साहू, डॉर्थी तांडी प्रधान पाठक, जीतेन्द्र शुक्ला संकुल समन्वयक, तृप्ति शर्मा, पुष्पलता चंद्राकर, पुष्पा चंद्राकर, चूमेश्वरी साहू, बसंती सोनकर, लेखिनी निषाद, भृत्य उमाशंकर यादव की उपस्थिति रही।

### सौरभ ने जन्मदिन पर दो स्कूलों में दिया न्योता भोज

तिल्दा नेवरा। तिल्दा शहर भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष सौरभ जैन के जन्मदिन के अवसर पर आज दो स्कूलों में नेवता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्र के तहत शासकीय हाई स्कूल सासाहोली में छात्र-छात्राओं को फल, चॉकलेट एवं पेन का विवरण किया गया। यहां पर प्राचार्य सुभाष शर्मा सहित समस्त स्कूल के स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने केक काटकर जन्मदिन की बधाई दी शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रीमती रानी जैन, पार्षद संतोष यादव, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद, पूर्व पार्षद सुधा चौबे, मंजू तिवारी, किरण वर्मा अमरजीत पासवान, सहित कई अन्य लोग भी उपस्थित थे। इसी तरह बद्रीनारायण बगड़िया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा के नेतृत्व में सौरभ जैन का जन्मदिन व आओ खुशियां बांटे के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम भाजपा के वरिष्ठ नेता राम पंजवानी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद ,पार्षद संतोष यादव, आदर्श वर्मा, अमित अग्रवाल, निक्की पांडे, गोवर्धन साहू, भूषण निषाद, ओप्रभारी प्राचार्य सुषमा दुबे सहित स्कूल के समस्त स्टाफ शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमति संगीता सेन्डे पति श्री ललित सेन्डे निवासी वार्ड क्रं. 14, शिवाजी वार्ड ग्राम तुलसी तहसील तिल्दा - नेवरा जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा विक्रेता श्रीमती रंजना देवी पति रविन्द्र अग्रवाल निवासी वार्ड क्रं. 05 तिल्दा - नेवरा तहसील तिल्दा - नेवरा जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व की भूमि जो कि ग्राम तुलसी प.ह.न. 17 रा.नि.म. व तहसील तिल्दा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा कं. 128/49 का रकबा 0.014 हे. को क्रय करने का सौदा कर ब्याना प्रदान कर दिया गया है जिसकी रजिस्ट्री होना शेष है एवं शेष राशि का भुगतान बैनामा निष्पादन दिनांक व समय को देय होगा।

अतः उपरोक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, बिमा, निगम, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालय एवं सेठ, साहूकार को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते में मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करावे बाद म्याद की गई आपत्ति / दावा ग्राहय नही होगा।

स्थानः- तिल्दा
दिनांक :- 29/10/2025

के. एल. दीवान
(अधिवक्ता / नोटरी)
तहसील कार्यालय तिल्दा
जिला-रायपुर छ.ग.
मो.नं. 9575000771

**खबर संक्षेप**

## देवउठनी एकादशी पर शासकीय अवकाश घोषणा करने की मांग

**रायपुर।** एक नवंबर को देव उठनी एकादशी के अवसर पर शासकीय अवकाश घोषित करने की मांग छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के पूर्व सदस्य एवं अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर ने छत्तीसगढ़ सरकार से की है। श्री ठाकुर ने कहा, "देव उठनी एकादशी एक ऐसा त्योहार है जो पूरे परिवार को एकजुट करता है और एक विशेष धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व रखता है, इसे सही मनाने और इसके महत्व को बढ़ाने के लिए शासकीय अवकाश आवश्यक है, इससे हर नागरिक को इस पावन अवसर पर अपने परिवार के साथ एकत्रित होने और पूजा-पाठ करने का अवसर मिलेगा। इसलिए श्री ठाकुर ने सरकार से इस महत्वपूर्ण अवसर को देखते हुए सभी सरकारी कार्यालयों में 1 नवंबर को अवकाश की घोषणा करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर लोग तुलसी के विवाह और पूजा के लिए विशेष रूप से जुटते हैं। यह केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं है, बल्कि छत्तीसगढ़ की संस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा भी है।

**निधन**

### धर्मेंद्र साहू



**रायपुर।** कबीर चौक, नगर पालिका परिषद अमलेश्वर डीह निवासी धर्मेंद्र साहू (35) का 29 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम महादेव घाट श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. जय नारायण साहू के पुत्र, अजय साहू के छोटे भाई और खुशी और डिंपल के पिता थे।

### रेणुका झा



**रायपुर।** आनंद नगर निवासी रेणुका झा (80) का 29 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे संगीता अजय झा, कविता धर्मेंद्र ठाकुर, सीमा गगनेंद्र ठाकुर, मीता इंद्रकांत ठाकुर, श्वेता बिपिन झा की माता थीं। उनके निधन पर मैथिल ब्राह्मण सभा की ओर से पं. विजय कुमार झा ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### राजेंद्र पाटस्कर



**रायपुर।** कुबेर अपार्टमेंट्स शंकर नगर निवासी राजेंद्र प्रकाश पाटस्कर (59) का 29 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 अक्टूबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे प्राजक्ता पाटस्कर और प्रसन्ना पाटस्कर के पिता थे।

### प्रो. जीपी श्रीवास्तव



**रायपुर।** दीनदयाल उपाध्याय नगर निवासी सेवानिवृत्त प्रो. जीपी श्रीवास्तव (87) का 29 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम यात्रा आज 10:30 बजे उनके निवास स्थान से महादेव घाट श्मशानघाट जाएगी। वे डॉ. मधु श्रीवास्तव, मंजू, विभा श्रीवास्तव, डॉ.पूनम उपाध्याय एवं प्रमिला श्रीवास्तव के पिता एवं राजेन्द्र श्रीवास्तव के छोटे भाई थे।

# बच्चों की बुनियादी समझ और ज्ञान का उपयोग जानने होगा विशेष तरह का ऑनलाइन मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड पढ़ाई और परीक्षा के तरीके में बदलाव करने जा रहा है। वर्तमान शैक्षणिक से इसे लागू किया जा सकता है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत बोर्ड ऐसा सिस्टम बना रहा है, जिससे छात्रों की समझ, सोच और वास्तविक जीवन में ज्ञान के उपयोग की क्षमता का सही मूल्यांकन किया जा सके। यह बदलाव छात्रों को रटने से हटाकर समझ पर आधारित शिक्षा की ओर ले जाएगा। सीबीएसई जल्द ही एक नया ऑनलाइन प्लेटफॉर्म शुरू करने जा रहा है, जिसका उद्देश्य छात्रों की वास्तविक सीख और सोचने की क्षमता को परखना है।

■ छठवीं से दसवीं कक्षा तक के लिए कौशल-आधारित मूल्यांकन ढांचा पहले ही लागू

इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह पता लगाया जाएगा कि बच्चे सब्जेक्ट्स को कितना समझते हैं और उन्हें वास्तविक जीवन की परिस्थितियों में कैसे लागू करते हैं। सीबीएसई कक्षा 3, 5 और 8 के लिए स्ट्रक्चर्ड असेसमेंट फॉर एनालाइजिंग लर्निंग नाम की नई परीक्षा शुरू करने जा रहा है। इसका उद्देश्य बच्चों की बुनियादी समझ, लॉजिकल सोच और ज्ञान के उपयोग की क्षमता को आंकना है। यह परीक्षा पूरी तरह ऑनलाइन होगी, जिससे नतीजे जल्दी और सटीक मिलेंगे।

## तीसरी, पांचवी और आठवीं कक्षा में ही होगा फिलहाल यह प्रयोग

### गणित, विज्ञान व इंग्लिश पर जोर

बोर्ड का मानना है कि यह कदम छात्रों को 21वीं सदी की जरूरतों के हिसाब से तैयार करने में मदद करेगा। फिलहाल यह प्रयोग कुछ कक्षाओं तक ही सीमित रहेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में कहा गया है कि परीक्षा का मकसद केवल याददाश्त की जांच नहीं, बल्कि बच्चों की योग्यता और समझ का मूल्यांकन होना चाहिए। इसी दिशा में सीबीएसई पहले ही कक्षा 6वीं से 10वीं तक के लिए कौशल-आधारित मूल्यांकन ढांचा लागू कर चुका है, जिसमें मैथ्स, साइंस और अंग्रेजी जैसे सब्जेक्ट्स पर विशेष ध्यान दिया जाता है।




### शिक्षण तकनीक में सुधार

इससे स्कूलों को यह जानकारी मिलेगी कि किन छात्रों को किन विषयों में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। शिक्षक इसके रिजल्ट्स के आधार पर अपने शिक्षण तरीकों में सुधार कर सकेंगे और अभिभावकों को बच्चों की प्रगति की सटीक जानकारी दे पाएंगे। बोर्ड का कहना है कि शिक्षा की क्वालिटी में लगातार सुधार लाने की उनकी योजना है। भविष्य में, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे टूल्स की मदद से छात्रों की प्रगति पर नजर रखी जाएगी और उन्हें कॅरियर की दिशा चुनने में सहायता मिलेगी।

## नगर निगम की सामान्य सभा में 14 एजेंडों पर मुहर

# नेता प्रतिपक्ष बदलने पर हंगामा, 4 पार्षदों के साथ संदीप धरने पर बैठे, 2 पार्षदों के साथ आकाश ने मोर्चा संभाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की सामान्य सभा में नेता प्रतिपक्ष बदलने को लेकर जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस के 8 पार्षद में से 4 पार्षदों के साथ संदीप साहू इसके विरोध में धरने पर बैठ गए। 2 पार्षदों के साथ आकाश तिवारी ने मोर्चा संभाला। प्रश्नकाल तक वे सभापति की आसंदी के सामने जमीन पर बैठे रहे। सभापति सूर्यकांत राठौर ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, पर वे उनके दिए गए जवाब से संतुष्ट नहीं हुए और अपने साथी पार्षदों के साथ सामान्य सभा से बाहर चले गए। सामान्य सभा में जनहित से जुड़े 14 एजेंडों पर चर्चा के बाद बहुमत के आधार पर प्रस्ताव सदन से पारित किया गया।

■ प्रश्नकाल तक जमीन पर बैठे रहे, सभापति ने समझाया पर माने नहीं, सदन छोड़कर चले गए

रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा में मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष को लेकर गहमागहमी रही। जिला कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे के पत्र के अनुसार आकाश तिवारी को कांग्रेस पार्षद दल का नेता सामान्य सभा में सभापति सूर्यकांत राठौर ने घोषित किया। महापौर मीनल चौबे ने बुके देकर नव नियुक्त नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी का स्वागत किया। सभा शुरू होते ही एक घंटे के प्रश्नकाल की शुरुआत में सभापति सूर्यकांत राठौर ने पर्ची निकालकर प्रश्नों का चयन किया। इसमें कांग्रेसी पार्षद संदीप साहू के नाम की पर्ची पहले निकली, पर इस दौरान वे सदन में नहीं पहुंच पाए थे। दूसरी पर्ची निकालते ही श्री साहू सदन में पहुंचे और सामान्य सभा में नेता प्रतिपक्ष का नाम बदलने को लेकर नाराजगी जताई। सभापति ने प्रश्नकाल के बीच विरोध पर आपत्ति करते हुए कहा पहले प्रश्नकाल पूरा होने दें, फिर इस पर चर्चा होगी, पर संदीप चार कांग्रेसी पार्षदों के साथ सभापति के डायस के सामने जमीन पर बैठ गए।



### सदन में नेता प्रतिपक्ष को लेकर छिड़ गई बहस

प्रश्नकाल के बाद संदीप साहू ने सभापति सूर्यकांत राठौर से सीधे सवाल किए कि किसके दबाव में आकर उन्हें नेता प्रतिपक्ष पद से आनन-फानन में हटाया गया है? उन्होंने सभापति पर एकतरफा निर्णय लेने का आरोप भी लगाया। संदीप साहू का कहना था कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष के रूप में सचिवालय का पत्र मिला है। मंगलवार रात 8 बजे नेता प्रतिपक्ष पद से हटाए जाने की जानकारी मिली। सभापति सूर्यकांत राठौर ने जवाब में कहा कि मैंने राजनीति में आज तक किसी के दबाव में काम नहीं किया, आपके मन की पीड़ा समझता हूं। नगर निगम के इतिहास में यह पहला मौका है, जब 8 महीने में ही किसी पार्टी ने नेता प्रतिपक्ष के रूप में दूसरे का नाम भेजा हो। कांग्रेस जिला अध्यक्ष के पत्र के अनुसार नेता प्रतिपक्ष घोषित किया गया है। यह कांग्रेस पार्टी का मामला है। पार्टी अध्यक्ष जिस नाम की अनुंशसा कर भेजता है, उसका नाम सदन मान्य करता है। यह नियम नगर निगम में है और विधानसभा में भी यही होता है। सभापति के इस जवाब से संदीप साहू संतुष्ट नहीं हुए और अपने साथी पार्षदों के साथ सामान्य सभा से बाहर चले गए। एजेंडे पर चर्चा से पहले सदन छोड़कर बाहर चले गए। इस बीच 2 पार्षदों के साथ नव नियुक्त नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने मोर्चा संभाला।

### इन प्रस्तावों को मिली मंजूरी

*20 करोड़ की लागत से होगा महादेवघाट का पुनर्विकास :* महादेवघाट के पुनर्विकास के लिए 20 करोड़ की स्वीकृति का प्रस्ताव पारित किया गया। इस राशि से महादेवघाट में उज्जैन के महाकालेश्वर की तर्ज पर महादेवघाट कारीडोर बनाया जाएगा। महापौर मीनल चौबे ने सदन को बताया कि नगर उत्थान योजना के तहत इस प्रोजेक्ट में 3 एजेंसी तीन फेज में काम करेगी। पहले फेज में रायपुर निगम 20 करोड़ का काम कराएगा। खारुन नदी के किनारे स्थित ऐतिहासिक हटकेश्वर महादेव मंदिर के पास यज्ञशाला, भव्य प्रवेशद्वार, आकर्षक लैंड स्केपिंग कराई जाएगी। ग्रास पेवर, शेड युक्त गलियारा, पाथवे का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा व्यवस्थित रूप से वेंडर शॉप की स्थापना की जाएगी, ताकि घाट में अनियंत्रित व्यवसाय पर रोक लगाई जा सके। सौर ऊर्जा से संचालित लाइटपोल, एलईडी, बोलार्डस और डेकोरेटिव लाइट लगाई जाएंगी।

*बूढ़ापारा बिजली आफिस चौक से पचपेड़ी नाका तक गौरवपथ 2 :* सिटी डेवपलमेंट प्लान के तहत शहर के बूढ़ापारा सीएसईबी चौक से पचपेड़ी नाका तक के मार्ग को गौरवपथ 2 के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव। सामान्य सभा में बहुमत के साथ पारित हुआ। लोक विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने पार्षदों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में बताया कि इससे मुख्य शहरी क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी। मुख्य मार्ग सड़क का चौड़ीकरण, पब्लिक टायलेट का निर्माण, स्ट्रीट लाइट और रोड एवं स्ट्रीट साइनेज कार्य कराया जाएगा।

*5 सर्व सम्मति, 9 बहुमत से पारित हुए एजेंडे :* सामान्य सभा में लाए गए 14 एजेंडों में 5 एजेंडे सर्वसम्मति से पारित हुए। इनमें नामांतरण शुल्क, टाउनहाल का किराया निर्धारण संबंधी एजेंडा, सुभाष स्टेडियम की दुकानों को लीज पर देने संबंधी एजेंडा शामिल है। बाकी के 9 एजेंडे सदन में बहुमत के आधार पर पास हुए। इन एजेंडों में रायपुर शहर में 3 वर्किंग वूमन हॉस्टल निर्माण के लिए स्वीकृत दर की पुष्टि, टाउनहॉल बुकिंग प्रतिदिन 10 हजार के स्थान पर 5 हजार रुपए किए जाने, निगम क्षेत्र स्थित संपत्ति और दुकानों के नामांतरण और आवेदन शुल्क निर्धारण संबंधी एजेंडा शामिल है। इसी तरह अग्रसेन मंगलम व्यावसायिक परिसर स्थित 1 दुकान, नेताजी सुभाष स्टेडियम की 5 दुकानों को 30 साल की लीज पर दिए जाने का प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। एक अन्य महत्वपूर्ण एजेंडा जिसमें शहर के चिन्हांकित सड़कों की रोड स्वीपिंग मशीन से सफाई के कार्य को 2 वर्ष बढ़ाये जाने संबंधी शासन से प्राप्त स्वीकृति पर चर्चा कर बहुमत से एजेंडा पारित किया गया।

*18 प्रमुख रोड जंक्शन प्रस्ताव पारित :* नगर उत्थान योजना में शहर के 18 प्रमुख रोड जंक्शन के विकास कार्य संबंधी एजेंडे पर सदन में चर्चा हुई। चर्चा में पार्षद आनंद अग्रवाल, विनय निर्मलकर, मोहन साहू, शेख मुशीर, अर्जुमन ढेबर, राजेश गुप्ता, पुष्पा साहू, स्वप्निल मिश्रा, आकाश तिवारी ने भाग लिया। महापौर मीनल चौबे ने सदस्यों द्वारा पूछे गए सवालों का सिलसिलेवार जवाब दिया।

## महाराष्ट्र मंडल में अब 4 नवंबर को मनेगा छत्तीसगढ़ राज्योत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देवउठनी एकादशी-तुलसी विवाह के कारण चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल परिसर में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस समारोह अब 4 नवंबर को मनाया जाएगा। यह निर्णय मंडल की पदाधिकारियों ने लिया। इसी दौरान मंडल की उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल के अनुसार बड़ी संख्या में महिलाएं मंडल के राज्योत्सव समारोह में शामिल होने के लिए इच्छुक होने के बावजूद नहीं आ रहीं थीं। आपसी सलाह-मशविरे में बाद तय की गई नई तारीख चार नंबर है। मंडल के लॉन एरिया के खुले रंगमंच पर मंगलवार को शाम 6 बजे पूरी तरह छत्तीसगढ़ी में होने वाला यह आयोजन उसी उत्साह व जोश के साथ होगा। गीता दलाल के मुताबिक छत्तीसगढ़ राज्य की 25वीं वर्षगांठ होने कारण इस बार का यह रजत जयंती समारोह अधिक भव्य और मनोरंजक होगा। गीता ने बताया कि संत ज्ञानेश्वर विद्यालय (एसडीवी) की शिक्षिकाओं की दो नृत्य प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र होंगी। एसडीवी के प्रभारी परितोष डोनगांवकर ने बताया कि चौबे कॉलोनी स्थित मंडल परिसर में भव्य आतिशबाजी के साथ होने वाले छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस समारोह में लगभग सभी प्रकल्पों, समितियों और महिला केंद्रों की सहभागिता होगी।

■ समूचे छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम में संत ज्ञानेश्वर विद्यालय की शिक्षिकाओं की प्रस्तुतियां होंगी आकर्षण का केंद्र

## प्रतिमा तोड़े जाने के विरोध में 31 को जिला बंद का आह्वान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा को तोड़े जाने के विरोध में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के द्वारा रायपुर जिला बंद का आह्वान किया गया है। इस संबंध में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शेखर वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ व्यापारी संघ अपनी दुकाने बंद रखेंगे। साथ हीं शासन से अपील करते हुए कहा कि वीआईपी चौक को छत्तीसगढ़ महतारी के नाम पर रखा जाए।

# 24 घंटा जल आपूर्ति में निःशुल्क कनेक्शन 15 नवंबर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर के 15 वार्डों में 24 घंटे शुद्ध पानी मुहैया कराने की योजना में अभी भी 2800 से ज्यादा हितग्राही ऐसे हैं, जिन्होंने आवेदन कर नल कनेक्शन नहीं लिया है। इन हितग्राहियों को स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 15 नवंबर तक निःशुल्क नल कनेक्शन लेने का मौका दिया है। निर्धारित तिथि तक आवेदन नहीं आने पर संबंधित हितग्राही को नए नल कनेक्शन के लिए निर्धारित शुल्क देना होगा।

■ स्मार्ट सिटी कार्यालय, जोन दफ्तर, पार्षद कार्यालय से कर सकते हैं संपर्क

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारी के मुताबिक रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा गंज कमांड एरिया में रमण मंदिर वार्ड, इंदिरा गांधी वार्ड, हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड, तात्यापारा वार्ड, शहीद चूडामणि नायक वार्ड, स्वामी आत्मानंद वार्ड एवं मोतीबाग कमांड एरिया में महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड,




ब्राम्हण पारा वार्ड, स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड, मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड, सिविल लाइन वार्ड, शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड, विपिन बिहारी सूर वार्ड एवं महामाया मंदिर वार्ड में 24 घंटे जल आपूर्ति योजना के तहत कमांड क्षेत्र में निः शुल्क नल कनेक्शन दिए जा रहे हैं। अभी तक 2865 हितग्राहियों द्वारा नल कनेक्शन नहीं लिये गए हैं। इसीलिए बचे हुए नल कनेक्शन देने का काम 15 नवंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

इस अवधि में स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार निःशुल्क नल कनेक्शन दिया जायेगा। निर्धारित तिथि तक नए कनेक्शन के लिए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड कार्यालय, संबंधित निगम जोन कार्यालय एवं वार्ड पार्षद से संपर्क किया जा सकता है।

दपूमरे से चलने वाली सात ट्रेनों का बदला गया मार्ग, ट्रेन हुई रिशेड्यूल

# चक्रवाती तूफान 'मोंथा' के असर से बदला 7 ट्रेनों का रूट, तिरुपति एक्सप्रेस सात घंटे देर से छूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चक्रवाती तूफान 'मोंथा' के कारण दूसरे रेलवे जोन से चलने वाली सात ट्रेनों का रेलमार्ग परिवर्तित किया गया है। यह ट्रेने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलेंगी। इसके लिए संबंधित स्टेशनों को भी निर्देश दिया गया है, ताकि उन ट्रेनों को सुरक्षित जोन से निकाला जा सके और मंजिल तक पहुंच जाएं। रूट बदलने से यात्रियों को न्यूनतम असुविधा होगी और परिचालन सुरक्षित जारी रहेगा।

चक्रवाती तूफान के कारण मंगलवार को बिलासपुर-तिरुपति एक्सप्रेस को सात घंटे रीशेड्यूल कर रवाना किया गया। यह पहली बार नहीं है, जब चक्रवाती तूफान का प्रभाव ट्रेनों के परिचालन पर पड़ा हो। मौसम विभाग से सूचना के साथ अलर्ट जारी होने के बाद रेलवे भी सतर्कता बरतता है, ताकि किसी भी ट्रेन के परिचालन में किसी तरह की बाधा न आए। हालांकि अभी ट्रेनों को रद्द न कर रीशेड्यूल व परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय लिया गया है, ताकि यात्री बीच रास्ते में न फंसें और सुरक्षित गंतव्य तक पहुंच जाएं।




**तिरुपति एक्सप्रेस रात 10 बजे रवाना हुई**

रीशेड्यूल होने वाली ट्रेनों में बिलासपुर से छूटने वाली 17481 बिलासपुर- तिरुपति एक्सप्रेस भी शामिल है। यह ट्रेन दोपहर 3:35 बजे की जगह रात 10:35 बजे जोनल स्टेशन से रवाना हुई। हालांकि यात्रियों को रीशेड्यूल होने की सूचना नहीं थी। यही कारण है कि यात्री तय समय पर स्टेशन पहुंच गए। यहां आकर उन्हें जानकारी मिली, जिसके बाद बाहर से पहुंचे यात्रियों को स्टेशन में इंतजार करना पड़ा। वहीं स्थानीय यात्री घर लौट गए। ट्रेनों के परिचालन पर बुधवार को भी असर पड़ेगा। दरअसल मौसम विभाग ने 28 अक्टूबर व 29 अक्टूबर के लिए अलर्ट जारी किया है।

### इन ट्रेनों का मार्ग बदलकर जोन से चलाया जा रहा

- 18189 टाटा-एर्नाकुलम एक्सप्रेस।
- 12703 हावड़ा- सिकंदराबाद एक्सप्रेस।
- 12245 हावड़ा- सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल, बेंगलुरु एक्सप्रेस
- 22643 एर्नाकुलम- पटना एक्सप्रेस।
- एर्नाकुलम- हावड़ा एक्सप्रेस
- कन्याकुमारी-डिब्रूगढ़ असम एक्सप्रेससर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल, बेंगलुरु- हटिया एक्सप्रेस

### हावड़ा-अहमदाबाद व शालीमार एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच की सुविधा

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली 02 जोड़ी गाड़ियों में अतिरिक्त एसी-03 एवं स्लीपर कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है।हावड़ा-अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-03 कोच की सुविधा हावड़ा से 29 अक्टूबर 2025 से 24 नवम्बर तक तथा अहमदाबाद से 01 नवम्बर से 27 नवम्बर तक उपलब्ध रहेगी । शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-03 व एक स्लीपर कोच की सुविधा शालीमार से 29 अक्टूबर से 24 नवम्बर तक तथा एलटीटी से 31 अक्टूबर से 26 नवम्बर तक उपलब्ध रहेगी।

### पीएम जिन बच्चों से करेंगे ...

सत्यसाईं संजीवनी हास्पिटल उन बच्चों से दिल की बात करेंगे, जिन्होंने यहां स्वास्थ्य लाभ लिया है। हास्पिटल के कार्यक्रम और प्रधानमंत्री से मुलाकात के कार्यक्रम के आमंत्रण ने बच्चों के साथ उनके परिजनों में उत्साह भर दिया। सोमवार से विभिन्न राज्यों से उनके हास्पिटल पहुंचने का दौर शुरू हो गया और मंगलवार-बुधवार को हास्पिटल में लोगों का मेला लग गया। इस दौरान वहां 10 पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट सहित डाक्टरों की टीम ने तीन दिन जांच कुंभ की शुरुआत की गई है। दो दिनों में करीब 1900 बच्चों का ईको टेस्ट सहित अन्य जांच की गई। प्रधानमंत्री के आगमन ही वजह से समूचा हास्पिटल परिसर हाई सिक्योरिटी जोन है, इसलिए आने वाले बच्चों और उनके परिवार का क्रिकेट स्टेडियम की पार्किंग में अस्थायी ठिकाना बनाया गया है। वहां लोगों के ठहरने के लिए पांच डोम तैयार करने के साथ मूलभूत सुविधा देने का प्रयास किया गया है। चर्चा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहले यानी 31 अक्टूबर को मशहूर क्रिकेटर सुनील गावस्कर इन बच्चों और उनके परिजनों से मुलाकात करेंगे।

### छह रास्तों से जा सकेंगे ...

पीएम मोदी के सभी कार्यक्रमों में साथ रहेंगे और सुरक्षा तैयारियों की हर स्तर पर मानिटरिंग करेंगे। पुलिस के अनुसार राज्योत्सव और प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान नवा रायपुर में ट्रैफिक डायवर्सन और सुरक्षा जोन लागू किया जाएगा। *16 स्थानों पर की गई पार्किंग व्यवस्था :* राज्योत्सव समारोह में आने वाले लोग ट्रैफिक जाम न फंसें और आने-जाने वालों को कोई परेशानी न हो, इसलिए नवा

**पेज 11 के शेष ...**

रायपुर में 16 जगहों पर पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। सभी पार्किंग मेला स्थल से एक से सवा किमी दूरी पर हैं। पार्किंग से मेला स्थल पहुंचने के लिए लोगों को किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसलिए वहां हर दिन 100 ई-रिक्शों के साथ ही बसें भी तैनात की जाएंगी। लोग इन पर निशुल्क यात्रा कर मेला स्थल पहुंच सकेंगे।

### इन छह रूट से मेला...

मैदान पार्किंग पी-14 में पहुंचेंगे। 4 - धमतरी, बालोद, दुर्ग की ओर से कार और बाइक से आने वाले अभनपुर, बकतरा, केन्द्री-बेन्द्री, मिंटू पब्लिक स्कूल, निमोरा प्रशासनिक अकादमी, निमोरा से पार्किंग पी-11 तक आएंगे। 5- दुर्ग, बालोद, खैरागढ़, राजनांदगांव की ओर से आने वाले पचपेड़ी नाका, बोरियाकला, माना बस्ती, तूता होकर पार्किंग पी-8, पी-9 और निमोरा बस्ती के पीछे पी-10 में पहुंचेंगे। 6- गोबरा नवापारा, राजिम, गरियाबंद की ओर से आने वाले नवागांव, खंडवा, जंगल सफारी, ट्रिपल आइटी, मुक्तांगन तिराहा से पार्किंग पी-12, स्टेशन पार्किंग पी-13 व गोल्फ मैदान पार्किंग पी-14 तक पहुंचेंगे। 7-दोपहिया पार्किंग - तूता धरना स्थल के दोनों तरफ स्थित पार्किंग स्थल पी-5, पी-6 और पी-7 में की जाएगी। 8-हवाई यात्रियों के लिए मार्ग - एक नवंबर को माना विमानतल में न्यू टर्मिनल से आवागमन होगा इसलिए हवाई यात्रियों को न्यू टर्मिनल आने-जाने में असुविधा हो सकती है। समय व सुरक्षा का ध्यान रखते हुए हवाई यात्री पुराने टर्मिनल से आवागमन कर सकते है, पुराना टर्मिनल का मार्ग खुला रहेगा।

### भारतमाला प्रोजेक्ट मुआवाजा...

प्रस्तावित इकानामिक कारिडोर (भारतमाला परियोजना) के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान भू-माफिया के साथ मिलकर शासन को भारी आर्थिक हानि पहुंचाने का काम किया है। भारतमाला परियोजना मुआवाजा घोटाला में ईओडब्लू, एसीबी पूर्व में जमीन दलाल, लोक सेवक सहित 10 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

*इस तरह की गई धोखाधड़ी :* घोटाला करने पटवारियों ने भू-माफिया और कुछ निजी व्यक्तियों के साथ मिलकर भूमि का बैक डेट में बंटवारा और नामांतरण कर कूटरचित दस्तावेज तैयार किए। इसके बाद जमीन का नए सिरे से बंटवारा, नामांतरण कर शासन द्वारा अधिग्रहित भूमि को पुनः शासन को विक्रय कर मुआवजा प्राप्त कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने का काम किया। कई मामलों में भूमि स्वामी के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को मुआवजा दिलाने और निजी भूमि को गलत तरीके से अधिग्रहित दिखाकर टुकड़ों में बांटकर भुगतान लेने के ईओडब्लू, एसीबी को प्रमाण मिले हैं।

### छग के विश्वविद्यालयों से पढ़ाई ...

लिए पहुंचे। पीएससी ने इनकी डिग्री देखते ही उन्हें लौटा दिया। सत्यापन करने वाले विशेषज्ञों ने उम्मीदवारों से कहा, आप पात्र नहीं है क्योंकि आपके डिग्री में केवल साइकोलॉजी लिखा है ना कि क्लिनिकल साइकोलॉजी। अब ये उम्मीदवार चयन प्रक्रिया से बाहर हो गए हैं। दूसरी ओर, छग में दूसरे राज्यों की निजी विश्वविद्यालयों की ब्रांच है। इन ब्रांच द्वारा दी गई उपाधि में क्लिनिकल साइकोलॉजी का जिक्र है, इसलिए इन्हें पात्र कर दिया गया है।

# ई-वे बिल नियमों में व्यवहारिक सुधार की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टीम कैट ने बुधवार को जीएसटी आयुक्त पुष्पेंद्र कुमार मीणा से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने ई-वे बिल नियमों में आवश्यक एवं व्यवहारिक सुधारों की मांग करते हुए पत्र सौंपा। साथ ही एक ही जिले के भीतर माल परिवहन पर ई-वे बिल से पूर्ण छूट दिए जाने और शैक्षणिक सामग्री, ताजा फल सब्जियों, डेयरी उत्पाद, खाद्य सामग्री, चिकित्सा उपकरण, कृषि निवेश व उपकरण पर राज्य में परिवहन पर ई-वे बिल में पूरी तरह छूट दिए जाने की मांग रखी।

■ टीम कैट ने जीएसटी आयुक्त पुष्पेंद्र कुमार मीणा से की मुलाकात

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन और राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी ने बताया कि जीएसटी आयुक्त को ज्ञापन में डूइंग बिजनेस की भावना के अनुरूप छत्तीसगढ़ के व्यापारियों और उद्योगपतियों की ओर से दो प्रमुख मांगें रखी गई है। इन प्रस्तावित सुधारों से राज्य में व्यापार और अधिक सहज एवं सरल होगा। इसमें विशेषकर छोटे और मध्यमवर्ग के व्यापारियों को राहत मिलेगी। यही नहीं कर अनुपालन और राजस्व संग्रह सुचारू रहेंगे। यह कदम राज्य सरकार और व्यापार समुदाय के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। जीएसटी आयुक्त ने कैट द्वारा प्रस्तुत पत्र का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया और सकारात्मक विचार कर सहयोग का आश्वासन दिया।



इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त नरेंद्र वर्मा, याचना तांब्रे, टिकम गुनेंद्र उप आयुक्त उपस्थित रहे। जीएसटी आयुक्त पुष्पेंद्र मीणा से मुलाकात करने पहुंचे कैट की टीम में अमर पारवानी, सुरिंदर सिंह, भरत जैन, प्रीतपाल सिंह बग्गा, सीए मुकेश मोटवानी, भरतभूषण गुप्ता शामिल रहे।

# नियम बदले बिना 108 संजीवनी सेवा का तीसरा टेंडर भी विवादों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाली 108 संजीवनी सेवा के लिए नई ठेका एजेंसी तय करने की प्रक्रिया विवादों से बाहर नहीं आ पा रही है। दो निविदा के निरस्त होने के कारणों से सीख लिए बिना सीजीएमएससी ने तीसरा टेंडर जारी कर दिया। नियमों की जटिलता की वजह से एकमात्र कंपनी निविदा में शामिल हो सकी, जिसे पात्र किए जाने के आरोपों से सीजीएमएससी के अफसर घिर हुए हैं।

- सीजीएमएससी ने निरस्त हुई दो निविदाओं से नहीं ली सीख

हरिभूमि फॉलोअप

जानकारी के अनुसार दवा निगम द्वारा 24 सितंबर को जारी निविदा पुरानी शर्तों के आधार पर ही जारी कर दिया। प्री-बिड में शामिल संस्थाओं ने आपत्ति लगाई, जिसे अफसरों ने नजरअंदाज कर दिया। 16 अक्टूबर को अंतिम तारीख के दौरान स्पष्ट हुआ कि इसमें उसी कंपनी ने टेंडर जमा किया है, जिसे अफसरों की पसंदीदा संस्था बताई गई है, जिसे संचालन का जिम्मा दिए जाने की तैयारी है। इस टेंडर के बाद निविदा प्रक्रिया पर ही सवाल खड़ा किया जा रहा है। स्थानीय कंपनियों ने आरोप लगाया गया है कि बार-बार निविदा रद्द होने से शासन के खजाने का दुरुपयोग हो रहा है।

प्रत्येक निविदा प्रक्रिया में आरपीएफ तैयार करने, प्रकाशन, प्री-बिड मीटिंग आयोजित करने और मूल्यांकन के लिए लाखों रुपये खर्च होता है। इस हिसाब से इन तीन निविदाओं में दवा कार्पोरेशन ने 2-3 करोड़ का खर्च किया है। लगातार दो टेंडरों में नाकामी मिलने के बाद तीसरी बार में उसी नियम शर्तों पर पसंदीदा कंपनी को दिए जाने का आरोप लग रहा है।

## एक ही कंपनी टेंडर में शामिल

### नियम ऐसा कि स्थानीय कंपनी अपात्र

सूत्रों के अनुसार टेंडर में कंपनी तय करने के लिए ऐसा नियम बनाया गया है जिसमें स्थानीय कंपनियां अपात्र हो रही है। अंकों के आधार पर कंपनी को योग्य मानने के लिए की जाने वाली गणना में एक ही कंपनी पात्र हो रही है। पिछले दो टेंडरों में भी एक ही कंपनी सर्वोच्च अंक के साथ टेंडर हासिल करने की प्रबल दावेदार बनी थी। हालांकि बाद भी दवा निगम ने प्रक्रिया पर उठाए जाने वाले सवाल के बाद टेंडर को रद्द कर दिया था।




### दूसरी बार में अनुभव में बदलाव

*दूसरी निविदा में अनुभव के नियम में बदलाव किया गया। इस बार प्रत्येक वर्ष पर एक अंक का नियम बनाया गया। निविदा में शामिल होने वाली अन्य कंपनियों के पांच-छह साल से ज्यादा का अनुभव नहीं था। जबकि विशेष कंपनी इसके लिए दस साल का अनुभव रखती थी। कंपनी को टेंडर दिलाने में सीजीएमएससी के साथ कुछ जनप्रतिनिधियों की दिलचस्पी भी थी। पहली निविदा में 150 करोड़ के टर्नओवर के लिए 5 अंक और इससे अधिक के लिए 10 अंक निर्धारित थे। दूसरी निविदा में इसे बदलकर 150 करोड़ के लिए 5 अंक और 200 करोड़ से अधिक के लिए 10 अंक कर दिया गया जो पसंदीदा कंपनी का टर्नओवर था।*

---

## खबर संक्षेप



### ताम्रकार समाज ने मनाई भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती

**रायपुर।** ताम्रकार समाज द्वारा पुरानी बस्ती स्थित नागरी दास मंदिर के प्रांगण में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया था और विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस कार्यक्रम में समाज की समस्त महिलाएं, बच्चे, युवा और वरिष्ठ एक साथ शामिल हुए। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष धीरज ताम्रकार व प्रसार प्रचार पदाधिकारी प्रफुल्ल कुमार ताम्रकार ने बताया कि सहस्त्रबाहु जी की जयंती का आयोजन ताम्रकार समाज छत्तीसगढ़ में लगभग विगत 5 दशक से निरंतरता से किया जा रहा हैं। इस कार्यक्रम में अनेक प्रकार का सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाता हैं, इस कार्यक्रम में वरिष्ठजनों एवं उपलब्धि प्राप्त लोगों का सम्मान भी किया गया। यह कार्यक्रम समाज के प्रत्येक को एकसूत्र में पिरोए रखता हैं।

### मोदी की गारंटी को लागू करने की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन ने बुधवार को सौहार्दपूर्ण माहौल में रायपुर कलेक्टर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विधानसभा चुनाव 2023 के घोषणा पत्र में की गई "मोदी की गारंटी" के तहत कर्मचारियों एवं पेंशनर्स से किए गए वादों को शीघ्र लागू करने की मांग की गई। इस मौके पर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष पंकज नायक और प्रांतीय महामंत्री उमेश मुदलियार समेत उपस्थित पदाधिकारियों ने बताया कि दो वर्ष बीत जाने के बावजूद अब तक इन गारंटियों पर कार्यवाही नहीं हुई है।

### नेशनल कराते स्पर्धा में मानसी ने जीता सिल्वर मेडल



**रायपुर।** भिलाई स्थित महिला महाविद्यालय सेक्टर-9 में 25 से 26 अक्टूबर तक आयोजित ओपन नेशनल कराटे चैंपियनशिप का सफल आयोजन छत्तीसगढ़ फीनिक्स शितो-र्यू कराटे-डो एसोसिएशन द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में देशभर से सैकड़ों खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रायपुर की खिलाड़ी मानसी तांडी ने 45 किलो वेट कैटेगरी में भाग लेते हुए कुमिते कराते (लड़ाकू स्पर्धा) में सिल्वर मेडल, और काता स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। यह उनका पहला नेशनल स्तर का प्रदर्शन था, जिसमें उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने परिवार, कोच एवं शहर का नाम रोशन किया।

---

**पोषक आहार की सामग्री एवं बर्तन भी खराब पाए गए, साथ ही साफ-सफाई का अभाव भी मिला**

### खाद्य सामग्री की क्वालिटी भी खराब मिली

# आंगनबाड़ी जोरा में 23 में एक भी बच्चा नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के जोरा में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को दी जाने वाली खाद्य सामग्री की क्वालिटी खराब मिली, वहीं यहां दर्ज 23 बच्चों में एक भी नहीं मिला। इसका खुलासा बुधवार को छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा के औचक निरीक्षण में हुआ।

हरिभूमि सरोकार

अध्यक्ष सुबह 10 बजे अचानक इस केंद्र पहुंचे। इस दौरान केंद्र में एक भी बच्चा उपस्थित नहीं पाया, वहीं इस केंद्र में बच्चों को दिए जाने वाले पोषक आहार की सामग्री एवं बर्तन भी खराब पाए गए, साथ ही साफ-सफाई का अभाव भी मिला। अध्यक्ष ने इस पर गहरी नाराजगी जताते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की ब्लॉक अधिकारी को फटकार लगाई है, साथ ही दर्ज बच्चों के केंद्र में आने तथा उन्हें आहार दिया जाता है कि नहीं, इस संबंध में जांच करने के निर्देश दिए हैं।




फाइल फोटो

### आलू एवं मसाले फफूंद लगे मिले

इस निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने आंगनबाड़ी केंद्र के रसोई रूम की व्यवस्था एवं खाद्य सामग्री तथा बर्तनों को भी देखा। इस दौरान यहां रखे आलू अंकुरित मिले तथा सब्जी के मसालों में फफूंद लगा मिला। रसोई में रखे बर्तन भी काफी गंदे मिले, जैसे उसका महीनों से इस्तेमाल ही नहीं किया गया हो। अध्यक्ष ने रसोई रूम की स्थिति को देखकर आशंका जताई है कि यहां बच्चों के लिए भोजन बनता भी है या नहीं। इसे लेकर अध्यक्ष ने ब्लॉक अधिकारी को जांच करने के लिए कहा है।

### मिडिल स्कूल में निर्धारित मात्रा से 50 प्रतिशत कम बनाया जा रहा था भोजन

*संदीप शर्मा ने सेरीखेड़ी स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला का भी औचक निरीक्षण किया। इस दौरान यहां बच्चों के लिए बनाए जा रहे भोजन की गुणवत्ता सहित अन्य व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अध्यक्ष ने रसोई घर में बच्चों के लिए बनाए जा रहे भोजन की मात्रा की जानकारी मांगी तो पता चला कि स्कूल में 140 बच्चों के लिए भोजन बनाया जा रहा था, लेकिन चावल, दाल, सब्जी, तेल सभी की मात्रा निर्धारित मात्रा से 50 प्रतिशत कम थी। इस पर अध्यक्ष ने स्कूल के प्राचार्य से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को फटकार भी लगाई, साथ ही निर्धारित मात्रा के अनुसार भोजन बनवाने के निर्देश दिए।*

---

# सिंधी समाज महापंचायत की शिकायत पर क्रांति सेना के अध्यक्ष के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

क्रांति सेना के अध्यक्ष द्वारा अग्रवाल समाज तथा सिंधी समाज के संतों तथा महापुरुषों के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने को लेकर बुधवार को सिंधी समाज के प्रमुखों ने छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल के खिलाफ बुधवार को देवेंद्र नगर तथा सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। समाज की शिकायत पर देवेंद्र नगर थाने की पुलिस ने अमित बघेल के खिलाफ बीएनएस की धारा 299 के तहत अपराध दर्ज किया है।

सिंधी समाज महापंचायत के कार्यकारी अध्यक्ष किशोर आहूजा ने समाज की ओर से शिकायत दर्ज कराई है। किशोर ने पुलिस को बताया है कि अमित बघेल ने उनके समाज के लोगों को पाकिस्तानी बताते हुए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा भगवान श्री राम के वंशज महाराजा श्री अग्रसेन के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है। इससे उनका समाज बुरी तरह से आहत हुआ है। अमित बघेल के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर किशोर ने सिंधी समाज द्वारा आंदोलन करने की चेतावनी दी है। शिकायतकर्ताओं में सिंधी महापंचायत के अध्यक्ष अमर गिदवानी, महासचिव राधा किशन सुंदरानी सहित अन्य लोग शामिल थे। सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराने वालों में महेश दरयानी, ललित जैसिंघ सहित अन्य लोग शामिल थे।




- समाज के लोगों ने देवेंद्र नगर, सिविल लाइंस थाने में दर्ज कराई है शिकायत
- महापुरुषों, संतों के खिलाफ अमित बघेल पर अशोभनीय टिप्पणी करने का आरोप

### यह है पूरा मामला

*पिछले सप्ताह शुक्रवार को एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक ने वीआईपी चौक पर स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति को खंडित कर दिया। पुलिस ने आरोपी की पहचान कर सारंगढ़, पुसौर निवासी मनोज कुर्रे को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही वीआईपी चौक पर छत्तीसगढ़ महतारी की नई प्रतिमा स्थापित की गई। मूर्ति खंडित किए जाने की घटना के बाद अमित बघेल ने सिंधी समाज तथा अग्रवाल समाज के संत, महापुरुषों के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी की थी। इसी बात को लेकर सिंधी तथा अग्रवाल समाज के लोग भड़के हुए हैं और अमित बघेल के खिलाफ कार्रवाई कर उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।*

### एक दिन पूर्व अग्रवाल समाज ने दर्ज कराई है शिकायत

अमित बघेल द्वारा 26 अक्टूबर को की गई अशोभनीय टिप्पणी को लेकर अग्रवाल समाज से जुड़े समाज प्रमुखों ने एक दिन पूर्व मंगलवार को अमित बघेल के खिलाफ कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अशोभनीय टिप्पणी करने के आरोप में अमित बघेल के खिलाफ रायपुर में अब तक दो एफआईआर दर्ज हो चुकी है। अमित बघेल के खिलाफ राज्य के अन्य जिलों में भी सिंधी तथा अग्रवाल समाज से जुड़े लोग थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंच रहे हैं।

---

## महिला के साथ स्नैचिंग, आरोपी अब तक नहीं पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खरीदारी करने निकली एक महिला ने दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ राजेंद्र नगर थाने में लूट की शिकायत दर्ज कराई है। घटना शनिवार की बताई जा रही है। महिला अपने दो बच्चों के साथ खरीदारी करने निकली थी, इस दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने महिला को धक्का देकर गिरा दिया और उसके हाथ से पर्स छीनकर फरार हो गए। घटना पचपेड़ी नाका स्थित कलर्स मॉल के पास हुई है।

- राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में शनिवार की घटना
- महिला को धक्का देकर बदमाश पर्स छीनकर भागे

कमल विहार निवासी विजय रंजन ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को वह खरीदारी कर वापस घर जा रही थी। इस दौरान दो बदमाश महिला के करीब पहुंचे और उसे धक्का देकर गिरा दिया। महिला के गिरने पर बदमाश उसके हाथ में रखा पर्स लूटकर भाग गए। पर्स में कैश 10 हजार रुपए तथा एक मोबाइल था। गिरने पर महिला की दांई आंख के नीचे, बाएं हाथ और घुटने में चोट आई है। घटना के समय महिला के साथ उसका बेटा तथा बेटी साथ थे। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की, लेकिन अब तक बदमाशों का पता नहीं चल पाया है।

## दिव्यांगों ने किया प्रदर्शन सीएम हाउस घेरने निकले पुलिस ने रोका



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ दिव्यांग संघ के आव्हान पर दिव्यांग संघ के सदस्य बुधवार को अपनी दर्जनभर लंबित मांगों को लेकर जयस्तंभ चौक से मुख्यमंत्री निवास घेराव के लिए निकले। इस दौरान नगर घड़ी चौक के पास पुलिस ने उन्हें आगे जाने से रोक लिया। स्पॉट पर प्रदर्शनकारियों से अधिक संख्या में पुलिस मौजूद रही। प्रदर्शकारी दिव्यांग महिलाओं को महतारी वंदन योजना में शामिल करने, कोरोनाकाल में दिव्यांगों द्वारा लिए गए ऋण का ब्याज माफ करने और बिना गारंटी लोन लेने की सुविधा देने की मांग कर रहे थे। इसके साथ ही नौकरी में आरक्षण की व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराने की मांग शामिल है।

- दिव्यांग महिलाओं को महतारी वंदन योजना में शामिल करने की मांग

# 2 साल बाद भी मोदी गारंटी लागू नहीं, बिफरे कर्मचारियों ने जिला मुख्यालयों में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विधानसभा चुनाव पूर्व प्रदेश के कर्मचारियों की मांगों को मोदी गारंटी के रूप में शामिल किया गया, पर 2 वर्ष के कार्यकाल के बाद भी मोदी की गारंटी लागू नहीं हुई है। इस बात से बिफरे सरकारी कर्मचारियों ने बुधवार को छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रवास पूर्व प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ अध्यक्ष पवन शर्मा एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पीआर यादव के आव्हान पर प्रदेशभर के जिला मुख्यालयों में विरोध प्रदर्शन करने कर्मचारी सड़क पर उतरे और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला कलेक्टरों के माध्यम से प्रेषित किया गया।

इसी कड़ी में राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट के सामने कर्मचारियों ने मोदी की गारंटी लागू कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया, जिसमें में बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए। कर्मचारी नेता विजय कुमार झा एवं रायपुर जिला शाखा अध्यक्ष रामचंद्र टांडी ने बताया कि कलेक्टर रायपुर को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा है। श्री झा ने कहा कि मोदी की गारंटी में प्रदेश के लिपिकों, शिक्षकों, पंचायत कर्मियों, स्वास्थ्य कर्मचारियों के वेतन विसंगति दूर करने, केंद्रीय कर्मचारियों के समान महंगाई भत्ता एवं पेंशनरों को महंगाई राहत देने, समय मान वेतनमान एवं पदोन्नति प्रदान करने, अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण करने, आंगनबाड़ी, मितानिन, कोटवार स्कूल सफाई कर्मचारियों को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी घोषित करने के वादे पूरा करने की मांग शामिल है।





- प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन
- छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रदर्शन

### मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया

*आठवां वेतनमान की घोषणा के बाद विलंब से कैबिनेट की मंजूरी के कारण 16 माह प्रतिवेदन बनाने में लगेगा, जबकि 1 जनवरी 26 से आठवां वेतनमान लागू होना है। इस तरह मात्र दो माह का समय है। वेतन आयोग ही 16 माह विलंब से गठित किया गया है। श्री झा ने कहा है कि कर्मचारियों की लंबत मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया एवं मोदी की गारंटी लागू नहीं की गई, तो प्रदेश के कर्मचारी आंदोलन करेंगे। मंगलवार को हुए धरना प्रदर्शन का नेतृत्व उमेश मुदलियार, पंकज नायक, विजय झा, सीएल दुबे,पीतांबर पटेल, विजय डागा, विमलचंद कुंडू, बीपी कुरील, राजेन्द्र उमाठे, बेनीराम गायकवाड़, विवि कर्मचारी नेता प्रदीप मिश्र आदि ने किया।*

---




**सील करने पहुंची टीम, बकायेदार ने चेक दिया : रायपुर।** नगर निगम जोन 4 राजस्व विभाग की टीम बुधवार को बैरनबाजार के न्यू सीजी कालेज के पास बड़े बकायादार भवन स्वामी पर अंतिम सूचना के बाद भी बकाया कर का भुगतान नहीं करने पर सीलंबदी करने स्थल पर पहुंची। भवन स्वामी सुरेंद्र कौर, देवेंद्र सिंह ने तत्काल नगर निगम जोन 4 के राजस्व विभाग को 4,27,141 रुपए की बकाया राशि का धनादेश प्रदान कर सीलबंदी की कार्यवाही से सुरक्षित रखा।




# सड़क पर आवारा पशुओं का विचरण रोकने अब संशोधित एसओपी, शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के शहरी इलाकों की सड़कों पर दिन रात विचरण करने वाले आवारा घुमंतू पशु सड़क पर चलने वाले लोगों और वाहनों के लिए भारी परेशानी और जानलेवा खतरे की वजह बनते जा रहे हैं। इस खतरे से सुरक्षा के लिए सरकार के परिवहन विभाग ने एसओपी भी जारी कर रखा है। अब सरकार ने इस एसओपी) स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर में और बदलाव किया है, ताकि लोगों को सड़क पर सुरक्षा मिल सके।

इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी नगर निगम आयुक्त सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को संशोधित एसओपी से अवगत कराते हुए उसका पालन करने के निर्देश दिए हैं।



- नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने जारी किया निर्देश
- सड़क पर मवेशी दिखे तो टोल फ्री नंबर पर दें सूचना

**तय होगा जोखिम क्षेत्र :** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि नगरीय क्षेत्रों में उच्च जोखिम क्षेत्र एवं सामान्य जोखिम क्षेत्र की मैपिंग कर आवारा पशुओं को गौ-शाला, गो-अभ्यारण्य और कांजी हाउस, गौठान मे काउ-कंचर के माध्यम से विस्थापित किया जाएष आवारा, घुमंतू पशुओं को सुरक्षित स्थान पर स्थापित करने के बाद पशु मालिकों को सूचित कर मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। आवारा पशुओं को पशु पालन विभाग के माध्यम से रेडियम स्ट्रिप लगाएं।

### हर महीने चलाएं विशेष अभियान

यह भी कहा गया है कि आवारा/घुमंतु पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक माह का विशेष अभियान (दिन और रात) को चलाया जाना सुनिश्चित करें तथा अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए कार्यवाही से संचालनालय को अवगत कराया जाए। यह विशेष अभियान नगरीय निकाय क्षेत्रों के अतिरिक्त आस-पास के 10-15 कि.मी. की परिधि में ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के ग्राम पंचायतों की सहमति एवं समन्वय से कार्यवाही की जाए।

### शिकायत के लिए अब टोल फ्री नंबर भी

आवारा, घुमंतू पशुओं से संबंधित शिकायतों के निवारण हेतु टोल फ्री नंबर 1033 (एनएचएआई). एवं नगरीय निकाय हेतु निदान 1100 का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। प्राप्त होने वाली शिकायतों के संबंध में निगरानी दल को अवगत करावें एवं उक्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा नियमित रूप से किया जायें।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 30 अक्टूबर 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



## लाइव इवेंट

# एनआईटी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत वाद-विवाद और निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में दो दिवसीय विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बुधवार को राजभाषा समिति द्वारा वाद- विवाद और लिटेराटी कमिटी द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इन प्रतियोगिताओं में संस्थान के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।। निबंध लेखन प्रतियोगिता का विषय 'सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी' रहा। संबन्धित विषय पर सभी प्रतिभागियों ने अपने विचार व्यक्त किए। वहीं, वाद- विवाद प्रतियोगिता का विषय 'सामूहिक सतर्कता, कानूनी सतर्कता से अधिक कारगर है' रखा गया। इस विषय पर पक्ष-विपक्ष के वक्ताओं ने समाज की चेतना और नैतिक जागरूकता ही वास्तविक सतर्कता के आधार बिन्दु पर जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि जब प्रत्येक नागरिक स्वयं अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होगा, तभी कानून की भूमिका न्यूनतम रह जाएगी। वहीं, विपक्ष के प्रतिभागियों ने कानूनी सतर्कता की अनिवार्यता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कानून ही वह औजार है, जो समाज में अनुशासन और न्याय की स्थापना करता है।

### भारतीय ज्ञान प्रणाली पर व्याख्यान सत्र का आयोजन



इस अवसर पर भारतीय ज्ञान प्रणाली केंद्र और भास्कराचार्य अध्ययन मंडल के सहयोग से बुधवार को आईकेएस अध्ययन मंडल का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में एनआईटी के निदेशक डॉ. एन. वी. रमना राव की उपस्थिति रही। जिन्होंने संबोधन में भारतीय ज्ञान परंपरा के वैज्ञानिक और सांस्कृतिक योगदान के विषय पर जानकारी साझा की। व्याख्यान सत्र में 'नाद से निर्माण तकः वैदिक दृष्टिकोण से वास्तुकला की सर्जना' विषय पर आर्किटेक्ट सायोन प्रमाणिक, सहायक प्राध्यापक, वास्तुकला एवं नियोजन विभाग द्वारा हिस्सा लिया गया। इसमें वैदिक अवधारणा 'जैसे शरीर में, वैसे ही ब्रह्मांड में' से करते हुए निर्मित पर्यावरण में दर्शन, रूप और ध्वनि के संबंधित जानकारी साझा की।

## सिटी इवेंट

# डिजिटल दौर में छोटी बचत का चलन हुआ कम, ऐप ने ली गुल्लक की जगह

गुल्लक से ऐप तक, ऑनलाइन सेविंग्स बनी लोगों की नई पसंद



विश्व बचत दिवस आज

**रायपुर।** बदलते समय के साथ लोगों के बीच छोटी बचत के पारंपरिक तरीके अब धीरे-धीरे कम होते जा रहे हैं। पहले जहां बच्चे और युवा अपनी बचत को गुल्लक में संजोकर रखते थे, वहीं अब डिजिटल पेमेंट और ऑनलाइन सेविंग ऐप्स ने इस चलन को लगभग खत्म कर दिया है। ऑनलाइन भुगतान की सुविधाओं से अब चिल्लर पैसों का भी उपयोग आसान हो गया है, जिससे गुल्लक जैसी बचत की आदत अब बच्चों और युवाओं में कम होती जा रही है। विश्व बचत दिवस के अवसर पर हरिभूमि ने विभिन्न बैंकों और बचत योजनाओं की जानकारी ली। विशेषज्ञों का कहना है कि आज के दौर में ज्यादातर लोग सिस्टेमेटिक इंवेस्टमेंट प्लान को प्राथमिकता दे रहे हैं। इसमें लोग 100 से 500 रुपए तक की मासिक बचत तीन से पांच वर्षों के लिए करते हैं। इसके अलावा अब ऑनलाइन गुल्लक एप्स का चलन भी तेजी से बढ़ा है, जिनमें लोग चिल्लर राशि को डिजिटल तरीके से सेव कर रहे हैं। बैंक मैनेजर विक्रम रावत का कहना है कि ऑनलाइन ट्रांजेक्शन आने के बाद अब गुल्लक की जगह डिजिटल वॉलेट और पेमेंट ऐप्स ने ले ली है। फोनपे, पेटीएम और गूगल पे जैसे एप्स में मनी सेव करने के विकल्प मौजूद हैं, जो युवाओं के लिए सुविधाजनक और लाभकारी साबित हो रहे हैं।

### बाजार में गुल्लक की मांग भी घटी

*ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा आने से मिट्टी और फैंसी गुल्लकों की बिक्री पर भी असर पड़ा है।(व्यापारियों के अनुसार, अब मिट्टी के गुल्लकों की बिक्री करीब 20 प्रतिशत तक ही रह गई है, जबकि पहले यह हर घर में जरूरत की चीज मानी जाती थी। दुकानदारों का कहना है कि अब लोगों के पास चिल्लर पैसे पहले की तरह नहीं बचते, क्योंकि सभी छोटे भुगतान भी अब ऑनलाइन माध्यमों से ही हो रहे हैं। यही वजह है कि अब छोटी बचत की परंपरा धीरे-धीरे खत्म होती जा रही है।*

### इस तरह कर सकते हैं छोटी बचत

*डिजिटल युग में बढ़ते खर्चों के बीच छोटी बचत ही बड़ी सुरक्षा बन सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, मध्यमवर्गीय परिवार और युवा यदि हर माह 100 से 500 रुपए तक बचत करें तो भविष्य के लिए मजबूत आधार बना सकते हैं। इसके लिए बचत का लक्ष्य तय करें, खर्च पर नजर रखें और रिकरिंग डिपॉजिट या एसआईपी जैसी योजनाओं में निवेश करें। ऑनलाइन गुल्लक ऐप्स जैसे जार, ग्रो या पेयटीएम मनी से भी छोटी रकम सेव की जा सकती है। कैशबैक और रिवॉर्ड पॉइंट का उपयोग करें तथा अनावश्यक खर्चों में कटौती करें यही छोटी बचत बड़ी राहत बन सकती है।*

न्यूज 24 एमपी-सीजी, लल्लूराम डॉटकॉम और मीडिया पार्टनर हरिभूमि का देशी टॉक कवि सम्मेलन 6.0 का बुधवार को बूढ़ातालाब स्थित बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजन हुआ। देर रात तक सम्मेलन में कवि कुमार विश्वास ने अपनी कविताओं से समां बांधे रखा। उन्होंने मंच पर आते ही तुझी से रात हो जाना तझी से भोर हो जाना तेरी खामोशियों से जिंदगी में शोर हो जाना तेरी ताकत है मेरे इश्क को कमजोर कर देना मेरी ताकत है तेरे सामने कमजोर हो जाना.....और दूसरी पंक्ति जो दो दिल एक कर देता है असली प्यार होता है, सनम को ही खुदा समझे वही स्वीकार होता है, वतन के वास्ते अपनी जवानी ताक पर रख दे, वो भारत मां का असली लाल ही सरदार होता है.... जैसे कविताओं से कवि डॉ. कुमार विश्वास ने श्रोताओं के दिल को छूआ और कवि सम्मेलन यादगार बन गया। कोई दीवाना कहता है..., कविता पर कुमार विश्वास ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया है।

कवि कुमार विश्वास के मजेदार व्यंगों पर नेताओ समेत श्रोताओं ने जमकर ठहाके लगाए

● देशी टॉक कवि सम्मेलन 6.0 का बूढ़ातालाब स्थित बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में हुआ आयोजन

# वतन के वास्ते अपनी जवानी ताक पर रख दे वो भारत मां का असली लाल ही सरदार होता है





**रायपुर।** मंच पर दूसरा कवि महाराष्ट्र से पहुंचे कवि रोहित शर्मा कविता पाठ करने आए। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पर दूसरे देशों को लड़ाने पर व्यंगात्मक कविता से कवि सम्मेलन में समां बांधा। वहीं, उन्होंने दूसरा पंक्ति चुटकुले अंदाज में सुनाया कि 'पत्नी ने कहा घुमाने ले चलो तो मैं उन्हें शमशान घाट ले गया। वह नाराज हो गई की यह कोई घुमाने की जगह है तो मैंने पत्नी से कहा कि पगली लोग मरते हैं यहां आने के लिए...और श्रोताओं की ठहाके से पूरा इंडोर स्टेडियम गूंज उठा। तीसरे कवि बनारस से आए विनोद पांडेय ने हास्य कविताओं से बिहार चुनाव को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हास्यात्मक कविता की पंक्ति- 'दीदी की बात उनको सुहाती नहीं है, माया की बात उनको भाती नहीं है, ऐसे खराब कुण्डली राहुल की हो गई, कोई कुंवारी पास में आती ही नहीं....' पढ़ते हुए श्रोताओं को गुदगुदाया। इसी तरह कवि सम्मेलन में डॉ. कुमार विश्वास, बिहार से कवयित्री अल्पना आनंद, विनीत चौहान, शंभू शिखर जैसे अंतरराष्ट्रीय कवियों ने कविता पाठ से कविता प्रेमी श्रोताओं को हास्य, गीत, वीर, छंद की पंक्तियों से गुदगुदाया और सामाजिक व राजनीतिक जागृति के लिए आंदोलित किया।



### राजा-रंक जिसमें सभी शामिल हो ऐसे लोकव्यापी कार्यक्रम होता है कवि सम्मेलन

*हरिभूमि समाचार पत्र व आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने एंकर के द्वारा कवि सम्मेलन के आयोजन पर पूछे सवाल पर कहा कि कवि सम्मेलन का कार्यक्रम लोकव्यापी होता है। क्योंकि, कवि सम्मेलन में राजा-रंक सभी वर्ग एक साथ एक मंच पर आकर कविता पाठ का आनंद लेते हैं। सबकी भागीदारी होती है। इसलिए, मैं इसे लोकव्यापी कार्यक्रम मानता हूं। ऐसे लोकव्यापी कार्यक्रम के आयोजन के लिए पूरे आयोजन टीम को बधाई, साधुवाद देता हूं। साथ ही दर्शकों की अपार भीड़ कार्यक्रम में उमड़ी है, जिससे इंडोर स्टेडियम में जगह कम पड़ रही है। ऐसे में मेरा संदेश है कि एक और नया इंडोर स्टेडियम की जरूरत महसूस हो रहा है।*

### पद्मश्री कवि स्व. सुरेंद्र दुबे को दी श्रद्धांजलि

*कवि सम्मेलन से पहले मंच पर पद्मश्री कवि स्व. सुरेंद्र दुबे की कवि सम्मेलन की वीडियो क्लीप मंच के स्क्रीन पर दिखा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वीडियो क्लीप पर पद्मश्री कवि स्व. सुरेंद्र दुबे की कविता टाइगर अभी जिंदा हे...मुनगा ल चुचर...जैसे कविता को सुन कर श्रोताओं ने तालियों से उनको श्रंद्धाजलि दी। पद्मश्री कवि स्व. सुरेंद्र दुबे की स्मृति में उनकी पत्नी शशि दुबे ने मंच से कविता पढ़कर पद्मश्री कवि स्व. सुरेंद्र दुबे को याद किया।*



### देर रात तक कविता पाठ का रसपान करते रहे श्रोता

कवि भरत द्विवेदी ने अपने वीर रस की कविता की पंक्ति 'हम स्वर्ण की तुला से लौह तौलते नहीं, पीयूष की कलश में सुरा घोलते नहीं...सच बोलने पर जान जा रहा तो जाए, दरबान की जुबा बोलते नहीं...।' दूसरी पंक्ति से उन्होंने नशा व बटवारे पर प्रहार करते हुए छत्तीसगढ़ी में पंक्ति 'अटकन-बटकन दही चटाका, खड़गे घर अउ परगे बांटा......नइहे सुनइया सियान के...' जैसे कविता से श्रोताओं का दिल जीता।



*ये रहे उपस्थितः कवि सम्मेलन में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री गुरु खुश्वंत साहेब, मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक राजेश मूणत, सीजी फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष मोना सेन, पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल, पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा सहित श्रोता एवं आयोजक टीम के सदस्य उपस्थित रहे।*






आगंतुकों को सांस्कृतिक मंच, फूड कोर्ट, मीना बाजार देगा अनलिमिटेड मनोरंजन, फन और स्वाद

# राज्योत्सव में छत्तीसगढ़ी, साउथ इंडियन्स, गुजराती व्यंजन की बिखरेगी महक, चटपटे फास्ट फूड्स का भी जायका

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** राज्य स्थापना के गौरवपूर्ण 25 बरस के भव्य जश्न में कुछ ही दिवस शेष रह गया है। इसके लिए राज्योत्सव स्थल नवा रायपुर को दुल्हन के रूप में संवारा गया है। राज्योत्सव मेला स्थल सेक्टर-23 में आगंतुकों के अनलिमिटेड मनोरंजन, फन, स्वाद के लिए सांस्कृतिक मंच, फूड कोर्ट, मीना बाजार, फन सिटी बनाई गई हैं। जहां फूड कोर्ट में आगंतुक अपने परिवार व दोस्तों के साथ छत्तीसगढ़ी, साउथ इंडियन्स, गुजराती व्यंजन के अलावा अलग-अलग राज्यों के मनपसंद खाने-पीने का लुफ्त उठा सकेंगे। साथ में बच्चों के लिए आइसक्रीम, चॉकलेट, फालूदा जैसे स्टार्टर भी उपलब्ध होंगे। वहीं चाट-गुपचुप जैसे चटपटे फास्ट फुड्स का भी जायका लेने का अवसर मिलेगा। इतना ही नहीं, मीना बाजार व फन सिटी में बच्चे, बड़े आसमानी इलेक्ट्रॉनिक झूला एवं विविध फन का आनंद ले सकेंगे। मेला स्थल के सांस्कृतिक मंच पर छत्तीसगढ़ी व बालीवुड कलाकारों की 1 से 5 नवंबर तक रंगारंग प्रस्तुतियां मनोरंजन को दोगुना बनाएगा। मेला स्थल पर सरकारी विभागों की प्रदर्शनी के डोम, शिल्पग्राम के डोम, आदिवासी कला- संस्कृति प्रदर्शनी के विशेष गैलरियां बन कर तैयार हो गई हैं। राज्योत्सव को लेकर रही-सही तैयारियों को 31 अक्टूबर तक फाइनल रूप दे दिया जाएगा। देखा जाए तो राज्योत्सव को अब आज से केवल 2 दिन शेष रह गया है। इस तरह से राज्योत्सव मेला स्थल देखने पहुंचने वालों के लिए फूड कोर्ट फैमिली एंज्वॉयमेंट का अच्छा ठिकाना होगा।



### प्राकृतिक सौंदर्य व लाइटिंग से जन्नत सा नजरा

महीने भर से नवा रायपुर की चारों दिशाओं को राज्योत्सव के लिए भव्य रूप से सजाने-संवारने का काम किया गया है। वैसे तो नवा रायपुर अपनी प्राकृतिक सौंदर्य से जन्नत सा नजर आ रहा है। इसकी हरियाली से आच्छादित फिजा, स्वच्छता और सुंदर लाइटिंग की जगमगाहट खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। राज्योत्सव स्थल पर पहुंच रहे आगंतुकों को नवा रायपुर की शांत व सुंदर वातावरण सहसा अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

### शिल्पकलाओं और आदिवासी संस्कृति की झलक

राज्योत्सव मेला स्थल पर ही शिल्प ग्राम का निर्माण किया गया है, जहां पर प्रदेश के विविध हस्तशिल्प कलाओं की प्रदर्शनी लगेगी। यहां प्रदेश के कोने-कोने से पहुंचने वाले शिल्पकारों की स्टॉल सजेंगी। जहां पर टेराकोटा, बांस आर्ट, बस्तर काष्ठ शिल्प, लौह शिल्प, ढोकरा आर्ट, जैसी ( जो अपनी अद्वितीय हस्तशिल्प कला के लिए पूरे भारत में प्रसिद्ध है) शिल्प कलाओं की प्रदर्शनी लगेगी।

### 30 विभागीय प्रदर्शनी में दिखेगा विकासशील छत्तीसगढ़

राज्योत्सव मेला स्थल के हैंगर-1 में आदिमजाति विकास विभाग, कृषि विभाग, पशु विभाग, बागवानी विभाग, मत्स्य विभाग, पीएचई, जल संसाधन विभाग, बिजली विभाग, माइनिंग विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, खाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित 30 विविध सरकारी विभागों के स्टॉल बनाए गए हैं, जहां पर पिछले 25 बरस में इन विभागों द्वारा विकासशील छत्तीसगढ़ को विकसित प्रदेश बनाने किए जा रहे नवाचारी योजनाओं के मॉडल व झांकियों के माध्यम से देखने को मिलेंगे।

## सिटी लाइव

# छात्रों को रैगिंग से जुड़े कानून और दंड की दी विस्तृत जानकारी



**रायपुर।** शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में 29 अक्टूबर को एंटी रैगिंग अभिविन्यास (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय दंत परिषद की सदस्य प्रो. डॉ. श्रुति विशाल देव उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रथम वर्ष के स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए रैगिंग को एक मानवीय उत्पीड़न की गंभीर समस्या बताया और सकारात्मक परिसर संस्कृति के निर्माण में विद्यार्थियों की अहम भूमिका पर बल दिया।

### शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा देना है

डॉ. देव ने रैगिंग से जुड़े कानून, दंड और अनुशासनात्मक नियमों को विस्तार से समझाते हुए छात्रों को जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र वाढेर ने बताया कि इस तरह के ओरिएंटेशन का उद्देश्य छात्रों को रैगिंग के कानूनी, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए एक सुरक्षित, समावेशी एवं सम्मानजनक शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, चिकित्सक, एंटी रैगिंग कमेटी और स्क्वाड के सदस्य भी उपस्थित रहे।

## समाज लाइव

# बढ़ते कदम संस्था ने संजीवनी वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के साथ मनाई दीपावली



**रायपुर।** दीपावली के पावन अवसर पर संस्था बढ़ते कदम ने संजीवनी वृद्धाश्रम के बुजुर्गों और शहर के 250 वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्यास डेरा साहेब अमृतसर स्वर्ण मंदिर की तीर्थयात्रा का आयोजन किया। इस निशुल्क यात्रा से तीर्थयात्रियों की रायपुर रेलवे स्टेशन पर सकुशल वापसी हुई, जहां उनका स्वागत ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा से किया गया। कार्यक्रम में भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष लधा राम नैनवानी, पूर्व अध्यक्ष राजू भाई तारवानी, राज कुमार मंगतानी और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### अमृतसर स्वर्ण मंदिर की तीर्थयात्रा का आयोजन किया

यात्रा के संयोजक सुनील नारवानी, अमर लखवानी, किशोर पंजवानी और बंटी जुमनानी उपस्थित रहे। यात्रा को सुचारू बनाने के लिए वरिष्ठ नागरिकों को समूहों में बांटा गया और प्रत्येक दल की देखरेख की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को सौंपी गई। संस्था बढ़ते कदम ने बुजुर्गों के लिए सुरक्षित, सुव्यवस्थित और यादगार तीर्थयात्रा सुनिश्चित की, जिससे उनके अनुभव में आनंद और आत्मिक संतोष दोनों शामिल रहे।

## आराधना

# विष्णु सहस्त्रनाम पाठ कर लगाया पारंपरिक व्यंजनों का भोग, हुई कार्तिक की पूजा



**रायपुर।** सनातन धर्म में कार्तिक माह विशेष महत्व रखता है। जिसमें पूरे कार्तिक महिने सुबह चार बजे उठकर नदी में स्नान करने की मान्यता है। जिसे दक्षिण भारतीय लोग भी पूरी आस्था और विश्वास के साथ मनाते है। इसी कड़ी में तेलगू समाज की महिला मंडली शांति नगर और वैशाली नगर के संयुक्त तत्वावधान में कार्तिक पूजन और भोजनम का आयोजन किया गया। इस दौरान विजया रेड्डी, रत्ना, लक्ष्मी, लावन्या, पद्मा, अनिता, माधवी सहित सामाजिक सदस्यों ने मिलकर विष्णु सहस्त्रनाम कर भजन और कीर्तन कर दीपदान किया। विजया रेड्डी ने बताया कि कार्तिक सोमवार का व्रत भगवान शिव को समर्पित है और यह उनके लिए अत्यधिक शुभ माना जाता है। यह व्रत पापों को दूर करने और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करने के लिए किया जाता है। तेलगू समुदायों में कार्तिक मास के दौरान भगवान विष्णु की पूजा भी की जाती है। तेलुगु समाज के लोग कार्तिक सोमवार को भगवान शिव की पूजा करके उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस महीने में कई धार्मिक अनुष्ठान और पूजा-पाठ किए जाते हैं, जिनमें सोमवार का व्रत विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। इसकी धार्मिक परंपराएं भी है। आंध्र प्रदेश में कार्तिक माह के दौरान आंवले के पेड़ों की पूजा करने और भगवान विष्णु की आराधना करने जैसी कई पारंपरिक प्रथाएं हैं।

---

**अंतर-महाविद्यालयीन युवा उत्सव का आगाज, सांस्कृतिक धरोहर को मंच पर किया जीवंत**

# छत्तीसगढ़ी लोक कला व संस्कृति से सजा मंच, छात्रों ने दिखाई धुरवा जनजाति की पारंपरिक देवी पूजा

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में बुधवार को लोक संगीत और संस्कृति से सजे युवा उत्सव का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के आदिवासी समुदाय की परंपराओं, मान्यताओं और सांस्कृतिक धरोहर को मंच पर जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति व लोकगीतों को नृत्य शैली के माध्यम से प्रस्तुत की गई।





**रायपुर।** विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जहां मुख्य अतिथि स्वरूप उप मुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए। मंच पर थिरकते कदम और लोक धुनों की गूंज ने ऐसा वातावरण रचा, जिसने भारतीय संस्कृति की विविधता और एकता का सुंदर संदेश दिया। यह अद्भुत नजारा सभी के मन में अविस्मरणीय छाप छोड़ गया।



### अनोखा मंच, प्रस्तुति के वक्त छात्र पर आई मंगला माई

'युवा उत्सव के मंच पर छत्तीसगढ़ी लोक परंपरा का जीवंत नजारा देखने को मिला। धुरवा जनजाति के पारंपरिक नृत्य के दौरान 20 वर्षीय लिलेश कुमार साहू पर अचानक मंगला देवी की आशीर्वाद "साकार' हो गई। मंच पर देवी मां की आराधना करते समय लिलेश साहू का अचानक जोर से चिल्लाना दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। हालांकि, जैसे ही आराधना पूरी हुई, वह धीरे-धीरे शांत हो गया। इस अप्रत्याशित घटना ने दर्शकों में उत्सुकता और श्रद्धा दोनों को बढ़ा दिया। छत्तीसगढ़ी परंपरा और आस्था का यह अनोखा दृश्य मंच पर एक जीवंत अनुभव बन गया।'



### धुरवा जनजाति के परम नृत्य ने बिखेरी लोक संस्कृति की छाप

हाथों में मंजीरा, सफेद साड़ी और सिर पर जवारा रखकर मंच पर शामिल हुए, तो सभागार में मौजूद सैकड़ों दर्शकों की निगाहें एकाएक उसी ओर ठहर गई। धमतरी के शासकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की धुरवा जनजाति के पारंपरिक 'परम नृत्य' की प्रस्तुति देकर संस्कृति की सजीव झलक प्रस्तुत की। नारियल फोड़कर भक्तिमय नृत्य की शुरुआत ने माहौल को आध्यात्मिक बना दिया। परंपरा के अनुसार, फसल कटाई के समय धुरवा जनजाति मंगला देवी की आराधना करते हुए परम नृत्य का आयोजन करती है। उसी ग्रामीण परिवेश और आस्था के भाव को छात्रों ने मंच पर बड़े ही प्रभावशाली ढंग से जीवंत कर दिया। मंच पर दिखाई दी गांव की हरियाली, देवी की उपासना और लोक संस्कृति की छटा ने दर्शकों के मन में छत्तीसगढ़ की परंपराओं की प्रमुख छाप छोड़ दी।

### बस्तर दशहरा का जीवंत मंचन ने बटोरी तालियां

रविवि के छात्रों ने बस्तर दशहरा का जीवंत मंचन प्रस्तुत करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हाथों में मां दंतेश्वरी की पालकी और सिर पर कलश लेकर उन्होंने मंच को अद्भुत रूप से सजाया। जहां छात्रों ने अपने हाथ और पैरों को बस्तर गोदना आर्ट से सजा कर प्रस्तुति को और भी रंगीन बनाया। नृत्य की शुरुआत जंगली सूअर के शिकार दृश्य से हुई। इस दौरान लाइव म्यूजिक ने प्रस्तुति में जान डाल दी। छात्रों ने तबले, बांसुरी और अन्य पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप पर 'मोर गोंदा फूल', 'हाय डारी कजरी', 'बैलाडिला-बैलाडिला' और 'बस्तर मोचो' जैसे सुंदर गीतों पर प्रस्तुति दी।

### रंगोली में दिखी छत्तीसगढ़ की खूबसूरती



अंतर-महाविद्यालयीन युवा उत्सव में प्रदेशभर के लगभग सौ से अधिक महाविद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। पहले दिन प्रतिभागियों ने सामूहिक और एकल नृत्य के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। इसी अवसर पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में भी छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की खूबसूरत झलक देखने को मिली। छात्रों ने रंगोली के माध्यम से छत्तीसगढ़ी कला, संस्कृति, तीज-त्योहार, पारंपरिक व्यंजन और वाद्ययंत्रों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इस सांस्कृतिक संगम ने उत्सव को और भी रंगीन और दर्शनीय बना दिया है। गुरुवार को लोक संगीत की धुन विश्वविद्यालय के सभागार में सुनने को मिलेगी, जहां छात्र सामूहिक रूप से विभिन्न विधाओं में लोक परंपरा का बखान करेंगे।







---

# गोपाल मंदिर के अन्नकूट उत्सव में 500 किलो का मेवा-मिष्ठान का लगा भोग

**रायपुर।** सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर में बुधवार को गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। यहां सुबह से ही मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान का सिलसिला जारी रहा। दोपहर 3 बजते ही ठाकुर जी के समक्ष मेवा-मिष्ठान, सात प्रकार की सब्जी व अन्न की थाल सजने लगी। इस दौरान मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया। साथ ही स्वर्ण-चांदी से श्रीकृष्ण व राधा रानी का मनमोहक श्रृंगार में दर्शन करने का अवसर मिला। मंदिर परिसर के साथ गर्भगृह को भी रंग-बिरंगे फूलों की पंखुड़ी से सजाया गया, जहां बड़े पात्रों में 56 भोग की प्रसादी भगवान को अर्पित की गई।

### गोवर्धन पूजा में श्रीकृष्ण व राधा रानी का मनमोहक श्रृंगार



### श्री महाबीर गौशाला में गोपाष्टमी महोत्सव आज

*श्री महाबीर गौशाला में बुधवार को सुबह 6:30 बजे प्रभात फेरी से गोपाष्टमी पर्व की शुरुआत की गई, जिसमें गौशाला के सैकड़ों सदस्य शामिल हुए। इस दौरान सदस्यों ने बताया कि संस्थान द्वारा 30 अक्टूबर को गोपाष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। साथ ही 31 अक्टूबर को खरोरा मार्ग स्थित तर्रा गौशाला में नवमी पूजा का खास आयोजन भी किया गया है।*

### दर्शनमात्र के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

अन्नकूट महोत्सव के खास अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा 750-800 किलो के स्वादिष्ट पकवान तैयार किया गया, जिसमें 500 किलो के मेवा-मिष्ठान शामिल रहे। मंदिर में सुबह 10 बजे गोवर्धन पूजा के दौरान दो सौ से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शनमात्र के लिए शामिल हुई। वहीं, देर शाम तक भजन संध्या का आयोजन किया गया। महाआरती पश्चात पांच सौ से अधिक श्रद्धालुओं को भोग प्रसादी दी गई। अन्नकूट महोत्सव के पश्चात कृष्ण भक्तों ने रात्रि जागरण किया। इस दौरान सभी छोटो सो कृष्ण कन्हैया..मेरे प्यारे गोपाल...जैसे भजनों की धुन पर झूमते नजर आए। इस मौके पर मंदिर के ट्रस्टी राजकिशोर नत्थानी, रमेश नत्थानी, सुरेश बागड़ी, देवरतन बागड़ी, ओमप्रकाश नागौरी, हरीश बजाज उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन में 40 से अधिक देशों के प्रतिनिधि लेंगे भाग



**रायपुर।** महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयंती और आर्य समाज के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ से एक विशाल आर्य प्रतिनिधिमंडल आज दिल्ली के लिए रवाना हुआ। इस प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश के विभिन्न गुरुकुलों के आचार्य, ब्रह्मचारी, संत और श्रद्धालुओं सहित छत्तीसगढ़ से लगभग 150 आर्य प्रतिनिधि इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। इस वैश्विक महासम्मेलन में 40 से अधिक देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। स्टेशन पर प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया और सत्य सनातन वैदिक धर्म की जय, ऋषि दयानन्द की जय, भारतीय संस्कृति की जय जैसे जयघोषों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम के मुख्य प्रतिनिधि आचार्य डॉ. अजय आर्य इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सनातन स्वाभिमान और महर्षि दयानन्द का पुरुषार्थ विषय पर अपना शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने प्रस्थान से पूर्व कहा महर्षि दयानन्द केवल एक धार्मिक सुधारक नहीं, बल्कि भारत के आत्मगौरव और वैदिक चेतना के जागरण के प्रतीक हैं। आज आवश्यकता है कि आर्य समाज, गुरुकुलों और आर्य विद्यालयों को तकनीकी शिक्षा से जोड़कर राष्ट्र निर्माण के वैदिक आदर्श को व्यवहार में उतारा जाए।

---

**1 नवंबर को घर-घर सजेंगे गन्ने के मंडप, तुलसी-शालिग्राम का होगा विवाह**

# तुलसी विवाह के लिए दूसरे राज्यों से भी पहुंची गन्ने की खेप, पिछले साल से 20 रुपए हुआ महंगा

**कार्नर न्यूज**

शनिवार को देवउठनी एकादशी में भगवान शालिग्राम और माता तुलसी का विवाह रचाकर छोटी दिवाली का जश्न मनाया जाएगा। इसके लेकर बाजार सजकर तैयार हो चुका है। वहीं, वर्षों बाद तुलसी विवाह में विशेष योग बन रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन योग में पूजा करने से संतान प्राप्ति व दांपत्य जीवन में खुशहाली बनी रहती है।



**रायपुर।** तुलसी पूजा व मंडप सजाने बड़ी संख्या में गन्ने की बिक्री शुरू हो चुकी है। बुधवार को पुरानी बस्ती, गोलबाजार, शास्त्री बाजार, आमापारा, लाखेनगर, सुंदरनगर सहित अन्य जगहों में गन्ना खरीदने लोग पहुंचे। गन्ना विक्रेता मोनू भुसनवार ने बताया कि मुंगेली, अंबिकापुर के साथ ही मध्यप्रदेश के रीवा से बड़ी मात्रा में गन्ना बिक्री के लिए बाजार में पहुंचा है। पांच गन्ना 120 रुपए में दिए जा रहे हैं। साइज के अनुसार गन्ने के दाम तय किया गया है।

गन्ना विक्रेता का कहना है कि मांग बढ़ने से आगे गन्ने के दाम बढ़ सकते हैं। अभी तक कवर्धा व पंडरिया क्षेत्र से ट्रकों, पिकअप और ऑटो में गन्ने की 11 खेप आ चुकी है।

### दो दिनों में 60 लोगों ने खरीदा तुलसी पौधा



तुलसी विवाह में तुलसी पौधे की पूजा करने के लिए पर्व के दो दिन पहले नर्सरी में श्रद्धालु तुलसी पौधा खरीदते नजर आए। घर-घर में तुलसी विवाह होने के मद्देनजर तुलसी का पौधा 60 से 100 रुपए तक बेचा गया। वीआईपी रोड स्थित नर्सरी संचालक विवेक लहरी ने बताया कि सामान्य दिनों के तुलना पर्व पर सर्वाधिक तुलसी के पौधे की बिक्री होती है। दो दिनों में 60 से अधिक श्रद्धालुओं ने पौधा खरीदा। पर्व के लिए 200 पौधे तैयार किया गया है। गुरुवार को भी बड़ी संख्या में लोग पौधा खरीदने पहुंचेंगे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एशियन यूथ गेम्स बहरीन से लौटे युवराज का शानदार स्वागत



**रायपुर।** बहरीन (यूएई) में ओलंपिक कॉउंसिल ऑफ एशिया की ओर से 22 से 27 अक्टूबर तक एशियन यूथ गेम्स का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के युवराज सिंह राजपूत म्यूथाई खेल में भारत का प्रतिनिधित्व कर गौरवशाली सातवें स्थान पर रहे। इस उपलब्धि के बाद स्वदेश लौटने पर युवराज और उनके पिता राजेन्द्र सिंह राजपूत का बुधवार को छत्तीसगढ़ म्यू थाई संघ, विवेकानंद मार्शल आर्ट्स एकेडमी और खेल प्रेमियों ने रायपुर रेल्वे स्टेशन पर शानदार स्वागत किया। राज्य म्यू थाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने बताया कि इस अवसर पर राज्य म्यू थाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू, महासचिव अनीस मेमन, अंतराष्ट्रीय म्यू थाई खिलाड़ी विशाल हियाल, शुभम निषाद, विवेकानंद मार्शल आर्ट्स एकेडमी के संचालक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अमन यादव (भाजपा खेल एवं कला प्रदेश प्रमुख), राष्ट्रीय खिलाड़ी एवँ आदि शक्ति नारी उन्नयन संस्थान- रायपुर की अध्यक्ष अन्नू कँवर, राष्ट्रीय म्यू थाई खिलाड़ी जय कुमार, आर्यन पटेल, विद्या सोनी, आदित्य सोलंकी, ओंकार, समीर सोनवानी, आकाश कासू, महेन्द्र साहू सहित अनेक खिलाड़ी, खेल प्रेमी एवँ खिलाड़ियों के परिजन आदि उपस्थित थे। रायपुर रेल्वे स्टेशन पर ढोल नगाड़ों के साथ का फूलमालाओं तथा परंपरागत रूप से पिता-पुत्र का स्वागत सम्मान किया गया। रायपुर रेल्वे स्टेशन में संयोग से उपस्थित डी एस पी रुस्तम सारंग ने भी युवराज को बधाई दी। रेल्वे स्टेशन से युवराज सिंह के साथ म्यूथाई संघ के प्रतिनिधि मण्डल ने बाल सरंक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ वर्णिका शर्मा, विधायक अनुज शर्मा और खेल संचालक तनुजा सलाम से मुलाकात कर युवराज की उपलब्धियों से अवगत कराया तथा जानकारी दी कि एशियन यूथ गेम्स में शामिल कुल 22 खेलों में एक म्यूथाई खेल भी शामिल था और छत्तीसगढ़ प्रदेश से एक मात्र खिलाड़ी के रूप में युवराज का खेल मंत्रालय भारत शासन और भारतीय ओलंपिक संघ के माध्यम से जाना राज्य की बहुत बड़ी खेल उपलब्धि है। बाल सरंक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ वर्णिका शर्मा, विधायक पदमश्री श्री अनुज शर्मा और खेल संचालक तनुजा सलाम ने युवराज उनके पिता राजेन्द्र सिंह और छत्तीसगढ़ म्यूथाई संघ को हार्दिक बधाई दी। उल्लेखनीय है कि जगदलपुर (बस्तर) निवासी युवराज के प्रारंभिक कोच अब्दुल मोइम (सचिव, बस्तर म्यूथाई संघ) है जिनके और अपने पिता राजेन्द्र सिंह राजपूत के कुशल मार्गदर्शन में युवराज ने म्यूथाई खेल की राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय अनेको उपलब्धियां हासिल की है।

इसके पूर्व बहरीन से दिल्ली लौटने पर भारतीय म्यूथाई दल के खिलाड़ियों के प्रतिनिधि मण्डल ने यूनाइटेड म्यूथाई एसोसिएशन इण्डिया के अध्यक्ष मनोज वर्मा और महासचिव श्रीराम चौधरी के नेतृत्व में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडविया और सिने अभिनेता मनोज जोशी से सौजन्य भैंट की और भविष्य में म्यूथाई खेल-खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग का आश्वासन तथा बधाई, शुभकामनाएं प्राप्त की थी जबकि बहरीन में भी भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी टी उषा ने भी स्वयं म्यूथाई खिलाड़ियों से भैंट कर उनके प्रदर्शन को सराहा।

### रैपिड शतरंज टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा



**रायपुर।** पिथौरा में आयोजित एच जी रायसोनी मेमोरियल वन डे रैपिड चेस टूर्नामेंट का समापन गरिमामय वातावरण में हुआ। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक रॉकी देवांगन को हाल ही में विश्व शतरंज महासंघ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक की उपाधि दिए जाने पर शाल,श्रीफल एवं मोमेंटो देकर जिला शतरंज संघ द्वारा सम्मानित किया गया। इस एक दिवसीय रैपिड शतरंज टूर्नामेंट में कुल 30000 की नगद राशि एवं ट्रॉफी विजेता खिलाड़ियों को दी गई। स्पर्धा में पुरस्कृत खिलाड़ियों में ओपन वर्ग में पहला मनीष थदानी महासमुंद (9100 व ट्रॉफी) , दूसरा प्रियांशु पटले महासमुंद ( 7100 व ट्रॉफी), तीसरा युग विजय साहू महासमुंद ( 5100 व ट्रॉफी) , चौथा अखिलेश कुमार कर बसना (3100 व मोमेंटो), पांचवा श्याम सुंदर दुबे पिथौरा (1100 व मोमेंटो) ,छठवां रविन्द्र ग्वाल बसना ( 500) सातवां राजेश गिरी गोस्वामी सरायपाली (500) आठवां केशर भोई पिथौरा (500) नौवां विपिन कुमार साहू महासमुंद (500) दसवां कोमल ध्रुवंशी बागबाहरा ( 500) शामिल हैं। इसी तरह से अन्य आकर्षक पुरस्कार के तहत बेस्ट फीमेल संजीता साहू पिथौरा (1000) यंगेस्ट प्लेयर मोक्ष शर्मा महासमुंद ( 500 व ट्रॉफी) शामिल हैं।

धूम्रपान से भी खतरनाक है ये गड़बड़ आदत, ज्यादातर युवा इसके शिकार, इससे समय से पहले मृत्यु का भी खतरा

# लंबे समय तक बैठने की आदत साबित हो रही घातक, संभल जाएं

लाइफस्टाइल और आहार की गड़बड़ी कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाने वाली मानी जाती है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि मौजूदा समय में तेजी से बढ़ रही कई गंभीर और क्रोनिक बीमारियों के लिए ये एक प्रमुख कारक हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, समय के साथ डायबिटीज, हृदय रोग और शरीर में इंफ्लामेशन से संबंधित समस्याओं का जोखिम युवा आबादी में अधिक देखा जा रहा है, ये बीमारियों न सिर्फ आपकी उम्र के कम करती हैं, साथ ही समय से पहले मृत्यु का कारण भी बन सकती हैं।

शोधकर्ता कहते हैं, धूम्रपान और शराब का सेवन सेहत के लिए गंभीर दुष्प्रभावों वाला माना जाता रहा है, पर लंबे समय तक बैठे रहने की आदत भी इसी तरह से सेहत के लिए खतरनाक है। ये शारीरिक निष्क्रियता को बढ़ाती है जिससे संपूर्ण स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर हो सकता है।

आइए जानते हैं कि लंबे समय तक बैठने की आदत कितनी खतरनाक है और इससे किस प्रकार के स्वास्थ्य जोखिम हो सकते हैं?

गतिहीन जीवनशैली और इसके गंभीर दुष्प्रभाव

डॉक्टर कहते हैं, गतिहीन जीवनशैली आपकी सेहत के



सबसे बड़ा दुश्मन है और लंबे समय तक बैठे रहने से इसका जोखिम और भी अधिक हो सकता है। दिन के दौरान आप जितना अधिक बैठे रहते हैं, स्वस्थ जीवन के लिए ये उतना ही खतरनाक प्रवृत्ति है। गतिहीन जीवनशैली वाले लोगों में वजन बढ़ने, टाइप-2 डायबिटीज और हृदय रोग विकसित होने के साथ और अवसाद-चिंता की समस्या अधिक देखी जाती रही है। अगर आप दिन में 6-8 घंटे लगातार बैठे रहते हैं तो ये आपमें समय से पहले मृत्यु के खतरे को भी बढ़ाने वाली समस्या हो सकती है।


## समय से पहले मौत का खतरा

ज्यादा देर तक बैठना या सेंडेंटरी लाइफस्टाल, सेहत के लिए किस प्रकार से हानिकारक हो सकती है, इसको समझने के लिए शोधकर्ताओं ने बैठने के समय और गतिविधि के स्तर वाले 13 अध्ययनों का विश्लेषण किया। इसमें पाया गया कि जो लोग बिना किसी शारीरिक गतिविधि के दिन में आठ घंटे से अधिक समय तक बैठे रहते हैं, उनमें मोटापा और समय से पहले मृत्यु का कारण बनने वाली बीमारियों का जोखिम अधिक हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ज्यादा देर बैठने की आदत मौजूदा समय में तेजी से बढ़ने वाली कई बीमारियों के लिए भी प्रमुख कारक है।



## डायबिटीज के हो सकते हैं शिकार

अध्ययनों से पता चला है कि लगातार लेटे रहने से भी



आपके शरीर में इंसुलिन प्रतिरोध बढ़ सकता है, इससे आपका रक्त शर्करा का स्तर बढ़ने का जोखिम रहता है। शोध में पाया गया कि जो लोग अधिक समय बैठकर बिताते हैं उनमें मधुमेह का खतरा 112 प्रतिशत अधिक होता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मधुमेह गंभीर स्वास्थ्य समस्या है जिसका जोखिम सभी उम्र के लोगों में बढ़ रहा है। मधुमेह की समस्या कई अन्य बीमारियों जैसे हृदय रोग और इंफ्लामेशन के खतरे को भी बढ़ाने वाली हो सकती है।

## हृदय रोगों का जोखिम कारक

हृदय रोग वैश्विक स्तर पर मृत्यु के प्रमुख कारकों में से एक हैं और अगर आप लंबे समय तक बैठे रहते हैं तो आपके हृदय रोगों के शिकार होने का खतरा काफी बढ़ जाता है। अध्ययन में पाया गया कि जो पुरुष सप्ताह में 23 घंटे से अधिक टेलीविजन देखते हैं या बैठे रहते हैं उनमें हृदय रोगों के विकसित होने और इससे मरने का जोखिम अन्य लोगों की तुलना में 64 प्रतिशत अधिक हो सकता है। ये दिल का दौरा या स्ट्रोक होने के खतरे को 147 प्रतिशत तक बढ़ाने वाली समस्या हो सकती है।

# फटी-पुरानी लेगिंग्स को फेंके नहीं, इस तरह करें इस्तेमाल

आपको बस थोड़ी-सी मेहनत करनी होगी और आप पुरानी लेगिंग्स को नए-नए तरीके से घर में इस्तेमाल कर सकती हैं। अगर आप क्राफ्ट और आर्ट्स में शौक रखती हैं, तब यह आपके बाएं हाथ का खेल होगा। आइए आपको पुरानी लेगिंग्स को दोबारा इस्तेमाल करने के तरीके बताएं।

## लेगिंग्स से बनाएं लैंपशेड्स

अगर आपके पास कोई प्रिंटेंड लेगिंग पड़ी है, तो उसे फेंकने से अच्छा है कि अपने लैंप को सजा सकती हैं। आप उस पुरानी लेगिंग्स से एक खूबसूरत लैंपशेड बना सकती हैं।

## कैसे बनाएं लैंपशेड

अपनी लेगिंग्स के दोनों पैरों को अलग-अलग काटकर रख लें। एक हिस्से को स्ट्रेच करें और फिर अपने लैंप पर एक किनारे पर ग्लू से चिपका दें। अप कपड़े को लैंप के चारों ओर लपेट लें। इसके बाद फिर से ग्लू से इसे अच्छी तरह से चिपका लें। ध्यान रखें कि आप इसे लगाते हुए 1 सेंटीमीटर का मार्जिन छोड़ें। इस तरह से आप एक फैब्रिक से दो लैंपशेड्स का डेकोर कर सकती हैं।

## लेगिंग्स से बुना हुआ फ्लोर मैट बनाएं

आपने देखा होगा, आजकल कुछ चटाई वाले घर आकर आपके पुराने कपड़े मांगते हैं



और फिर आपके लिए सुंदर से फ्लोर मैट तैयार कर देते हैं। ये बुने हुए फ्लोर मैट काफी ट्रेंड में हैं और बैठने के लिए काफी अच्छे और मोटे होते हैं। आप लेंगिग्स से ये फ्लोर मैट आसानी से बना सकती हैं।

## कैसे बनाएं बुना हुआ फ्लोर मैट

अगर आपके पास 2-3 अलग-अलग तरह की या प्रिंट वाली लेगिंग्स है, तो आपका काम आसानी से हो जाएगा। इसके अलावा आप कोई पुरानी साड़ी, कपड़ा, बच्चों की टी-शर्ट और कोई भी कपड़ा इसके साथ जोड़ सकती हैं। लेगिंग्स को फाड़कर लंबी स्ट्रिप्स में अलग-अलग कर लें। इसके बाद हर सिरे को दूसरे सिरे से बांधें, ताकि आप गुंथकर एक लंबी स्ट्रैंड तैयार कर सकें। ब्रेड्स को कॉइल की तरह लपेटती रहें और साथ ही उन्हें ग्लू से चिपकाती रहें। इसके बाद, आपने जहां भी ग्लू लगाया था उसे सिल लें।

# घर में अपना पर्सनल सामान रखते हुए अपनाएं वास्तु से जुड़े नियम

यूं तो हम सभी अपने घर में कई तरह की आइटम्स रखते हैं। जरूरत के सामान से लेकर डेकोरेटिव आइटम्स आदि कई चीजें रखी जाती हैं। आमतौर पर, घर में हर सदस्य का अपना कुछ पर्सनल सामान भी होता है, जिसे लोग अक्सर अपने कमरे में रखते हैं। पर्सनल आइटम्स से व्यक्ति की एनर्जी भी जुड़ी होती हैं, क्योंकि इन आइटम्स को सिर्फ हम ही इस्तेमाल करते हैं। इसलिए, अगर इन्हें गलत तरीके से रखा जाता है तो इससे व्यक्ति को नेगेटिविटी का अहसास होता है।



वास्तु में भी पर्सनल आइटम को रखने के लिए कुछ नियम बताए गए हैं, जिनका ध्यान रखा जाता है तो इससे आप अपने आसपास पॉजिटिविटी बनाए रख सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको बता रहे हैं कि आप अपनी पर्सनल आइटम को रखते समय किन बातों का ध्यान रखें-

**यहां रखें बैग:** ऑफिस का पर्सनल बैग या ब्रीफकेस ऐसी चीज है, जिसे कभी भी हमेशा सिर्फ एक ही जगह पर नहीं रहना चाहिए। ऑफिस में आते-जाते यह बैग आपके साथ मूवमेंट करता है। इसलिए इसे सही दिशा में रखना चाहिए। बेहतर होगा कि आप इसे वायव्य कोण यानी उत्तर पश्चिम दिशा में रखना अच्छा माना जाता है। आप इसे अपने कमरे के वायव्य कोण या फिर पूरे घर के वायव्य कोण में रख सकते हैं।

**इस तरह रखें सर्टिफिकेट:** किसी भी व्यक्ति के सर्टिकिकेट जीवन में उसकी सफलता के बारे में बताते हैं। साथ ही साथ, आगे बढ़ने में भी मोटिवेट करते हैं। इसलिए, आप अपने पर्सनल सर्टिफिकेट, शील्ड या ट्राफी को उत्तर दिशा के मध्य में रखें। जिससे इसमें हमेशा बरकत होती रहे और आप अपने जीवन में तरक्की करते रहें।

**ऐसे रखें कोर्ट केस के पेपर:** अगर आपके पर्सनल सामान में कोर्ट केस के पेपर भी रखे हैं तो यकीनन आप चाहेंगे कि वह कोर्ट केस जल्द से जल्द खत्म हो जाए और आपके पक्ष में ही फैसला आए।



# कार्तिक मास में गीता पाठ और अन्न दान का जानिए महत्व

इस साल कार्तिक माह 08 अक्तूबर से शुरू हुआ है और इसका समापन कार्तिक पूर्णिमा पर 05 नवंबर को होगा। कार्तिक माह तप और व्रत का माह है। इस माह में भगवान की भक्ति और पूजा अर्चना करने से मनुष्य की सारी इच्छाएं पूर्ण होती हैं। पुराणों के अनुसार इस मास में भगवान विष्णु नारायण रूप में जल में निवास करते हैं। इसलिए कार्तिक कृष्ण प्रतिपदा से लेकर कार्तिक पूर्णिमा तक नियमित सूर्योदय से पहले नदी या तालाब में स्नान से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। शास्त्रों के अनुसार जो मनुष्य कार्तिक मास में प्रतिदिन गीता का पाठ करता है उसे अनंत पुण्यों की प्राप्ति होती है। गीता के एक अध्याय का पाठ करने से मनुष्य घोर नरक से मुक्त हो जाते हैं। स्कंद पुराण के अनुसार इस महीने में अन्न दान करने से पापों का सर्वथा नाश हो जाता है। पुराणों के अनुसार इसी माह में कुमार कार्तिकेय ने तारकासुर का वध किया था। कुमार कार्तिकेय के पराक्रम को सम्मान देने के लिए ही इस माह का नाम कार्तिक रखा गया है।

पौराणिक कथा के अनुसार शंखासुर नामक असुर ब्रह्माजी से वेदों को चुराकर भाग रहा था। वेद उनके हाथों से



छूटकर समुद्र में प्रवेश कर गए। देवताओं की प्रार्थना से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने कहा कि मैं मछली का रूप धारण करके अभी वेदों को लाता हूं। उसी समय भगवान ने कहा कि अबसे कार्तिक के महीने में सभी वेदों के साथ मैं स्वयं जल में रहूंगा। इस महीने में नियमित स्नान पूजन करने वाले पर कुबेर भी कृपा करेंगे। जो धर्मात्मा व्यक्ति इस महीने में मेरी पूजा करेगा उसे यमलोक और स्वर्गलोक नहीं सीधा बैकुंठ की प्राप्ति होगी और वह जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्त हो जाएगा।

कार्तिक मास के महात्म्य में बताया गया है कि एक गणिका थी। जवानी ढलने लगी तो उसे मृत्यु और उसके बाद की स्थिति का विचार परेशान करने लगा। एक दिन वह एक ऋषि के पास गई और अपनी मुक्ति का उपाय पूछा। ऋषि ने गणिका को कार्तिक स्नान का महात्म्य बताया। गणिका हर दिन सूर्योदय से पूर्व स्नान करके तट पर दीप जलाकर भगवान विष्णु और सूर्यदेव की पूजा करने लगी। इस पुण्य के प्रभाव से बिना कष्ट शरीर से उसके प्राण निकल गए और दिव्य विमान में बैठकर बैकुंठ चली गई।

कार्तिक मास की महिमा का वर्णन करते हुए एक कथा देवी रुक्मिणी की भी है। पद्म पुराण के अनुसार पूर्वजन्म में रुक्मिणी गंगा तट पर रहने वाली एक विधवा ब्राह्मणी थीं। वह नियमित रूप से गंगा स्नान करके तुलसी की पूजा किया करती थीं और भगवान विष्णु का ध्यान करती थीं। कार्तिक मास की ठंड में एक दिन स्नान करके पूजा करने के क्रम में इनकी आत्मा को शरीर से मुक्ति मिल गई। इनकी आत्मा के पास पुण्य की इतनी पूंजी थी कि उन्हें देवी लक्ष्मी के समान स्थान प्राप्त हो गया। इसी पुण्य के प्रभाव से वह भगवान श्रीकृष्ण की पटरानी बनीं।

कार्तिक महात्म्य का वर्णन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण ने सत्यभामा को बताया था कि वह पूर्वजन्म में भगवान विष्णु की पूजा किया करती थीं। जीवन भर कार्तिक मास में सूर्योदय से पूर्व स्नान करके वह तुलसी को दीप दीखाती थीं। इस पुण्य से सत्यभामा श्रीकृष्ण की पत्नी हुईं। भगवान श्रीकृष्ण ने बताया कि कार्तिक का महीना सभी महीनों में मुझे अति प्रिय है। जो भी व्यक्ति इस महीने में अन्नदान, दीपदान करता है उस पर कुबेर महाराज भी कृपा करते हैं।























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## क्लूनी को बच्चों की परवरिश को लेकर सताता है 'डर', बताई फ्रांस की वजह



हॉलीवुड दिग्गज जॉर्ज क्लूनी ने खुलासा किया है कि उन्हें अपने बच्चों की हॉलीवुड में परवरिश करने को लेकर डर सताता है। हालिया इंटरव्यू में एक्टर ने यह भी बताया कि क्यों उनका परिवार लॉस एंजेलिस छोड़ फ्रांस में बस गया है। हॉलीवुड सुपरस्टार और दो बार ऑस्कर अवॉर्ड जीत चुके जॉर्ज क्लूनी की दुनिया कायल है। 64 साल के इस दिग्गज एक्टर ने चार गोल्डन ग्लोब और एक बाफ्टा अवॉर्ड भी जीता है। साल 1978 में बतौर एक्स्ट्रा अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत करने वाले जॉर्ज को बीते 47 साल में हॉलीवुड ने शोहरत, पैसा सबकुछ दिया। लेकिन दिलचस्प है कि वह अपने बच्चों का सिनेमा की इस चकाचौंध भरी दुनिया से दूर फ्रांस में पालन-पोषण कर रहे हैं। जॉर्ज क्लूनी ने एक हालिया इंटरव्यू में ऐसा करने की खास वजह पर बात की है। यह भी बताया है कि यह फैसला अकेले उनका नहीं है, बल्कि पत्नी अमाल क्लूनी भी यही चाहती हैं। जॉर्ज और अमाल 8 साल के जुड़वा बच्चों एला और एक्लेक्जेंडर के माता-पिता हैं। हालिया इंटरव्यू में जॉर्ज ने लॉस एंजिलिस में हॉलीवुड की दुनिया को छोड़कर फ्रांस में बसने और वहीं  हालिया इंटरव्यू में जॉर्ज ने लॉस एंजिलिस में हॉलीवुड की दुनिया को छोड़कर फ्रांस में बसने और वहीं बच्चों की परवरिश पर बात की है। एक्टर ने कहा, 'हम फ्रांस में हमारे फार्म में रहते हैं। मेरी जिंदगी का एक बड़ा हिस्सा ऐसे ही एक फार्म में बड़े होते हुए बीता है। जब बच्चा था तब फार्म से दूर भागना चाहता था। लेकिन अब मैं वापस वहीं लौटा हूं।'

### टॉलीवुड

## दादासाहेब फाल्के बायोपिक से जूनियर एनटीआर ने किया किनारा, आएंगे प्रभास



जूनियर एनटीआर ने एसएस राजामौली के बेटे कार्तिक राजामौली की निर्देशन में बनने वाली हिंदी-तेलुगू बायोपिक 'दादासाहेब फाल्के' से किनारा कर लिया है! एक नई रिपोर्ट में इस बाबत दावा करते हुए कई कारण गिनाए गए हैं। समझा जा रहा है कि यह फिल्म प्रभास की झोली में गिरेगी। आरआरआर की बंपर सफलता के बाद जूनियर एनटीआर को दो बड़े झटके लगे। उनकी 'देवरा पार्ट 1' और 'वॉर 2' बॉक्स ऑफिस पर धूम नहीं मचा पाई। वह अब एक ओर जहां 'केजीएफ फ्रैंचाइजी' फेम डायरेक्टर प्रशांत नील के साथ फिल्म को लेकर चर्चा में हैं, वहीं बीते दिनों खबर आई थी कि RRR के बाद एसएस राजामौली और जूनियर एनटीआर की जोड़ी फिर साथ आएगी। बताया गया कि राजामौली ने भारतीय सिनेमा के पितामह दादासाहेब फाल्के पर बन रही हिंदी-तेलुगू बायोपिक में एक्टर को कास्ट किया है। लेकिन अब एक नई रिपोर्ट में कहा गया है कि जूनियर एनटीआर ने यह फिल्म छोड़ दी है। जी हां, खबर वाकई हैरान करने वाली है! दादासाहेब फाल्के की इस बायोपिक को एसएस राजामौली के बेटे कार्तिक राजामौली डायरेक्ट कर रहे हैं। 'बॉलीवुड हंगामा' की रिपोर्ट के मुताबिक, जूनियर एनटीआर ने कई कारणों से इस फिल्म को छोड़ने का फैसला किया है। हालांकि, सबसे बड़ी वजह यह है कि करियर के इस पड़ाव पर एक्टर किसी भी ऐसी असल जिंदगी की पर्सनैलिटी के किरदार को पर्दे पर नहीं निभाना चाहते। खासकर, तब जब दादासाहेब जैसे दिग्गज का कद और ऐतिहासिक महत्व इतना बड़ा है। रिपोर्ट में जूनियर एनटीआर के फिल्म छोड़ने को लेकर दूसरे कारण भी गिनाए गए हैं। इनमें एक कारण यह भी है कि फिल्म को एसएस राजामौली नहीं, बल्कि उनके बेटे कार्तिक डायरेक्ट कर रहे हैं।

### भोजपुरी

## ससुराल आई नई-नवेली बहू पर 'काला जादू', मायके से आए बक्सों से निकला कंकाल



रितेश उपाध्याय और मणि भट्टाचार्य की नई फिल्म 'काला सिंदूर' का खौफनाक ट्रेलर धूम मचा रहा है। यह फिल्म एक नई नवेली बहू की कहानी है, जिसके ससुराल आते ही उस पर काला जादू होता है। कहानी में मजेदार ट्विनस्ट है, जो खतरनाक भी है और रोमांचक भी। भोजपुरी में हॉरर फिल्मों का अपना एक अलग क्रेज है। ये वो फिल्में हैं, जिन्हें देखते हुए रूह तो कांपती है, लेकिन रोमांच भी आता है। भोजवुड के सुपरस्टार रितेश उपाध्याय और मणि भट्टाचार्य की एक ऐसी ही हॉरर-थ्रिमलर फिल्म आ रही है 'काला सिन्दूर', जिसका ट्रेलर धूम मचा रहा है। ट्रेलर अपने शुरुआत से ही आपको बांध लेती है। जहां शादी कर ससुराल पहुंची नई नवेली बहू के साथ घर में कदम रखते ही अनहोनी होने लगती है। शादी में मिले उपहार से राख और कंकाल निकलने लगते हैं। आंगन के ऊपर आसमान में अचानक काले कौए उड़ते दिखते हैं और फिर वो मरकर नीचे गिर जाते हैं। मायके से आए बक्से में राख और कंकाल देखकर ससुराल वालों की हालत खराब हो जाती है।

करीब चार मिनट का यह ट्रेलर ऐसा है, जिस पर से आप एक पल के लिए नजर नहीं हटाना चाहेंगे। जाहिर तौर पर यह सब इतना रोमांचित करने वाला है कि आपको डर का एहसास भी होगा और यह अबूझ पहेली भी कि आखरि ऐसा हो क्यों रहा है। हालांकि, ट्रेलर में अगले ही पल इसका खुलासा भी होता है।

### रिबन की रौनक

बोरा अक्सू, कोच, प्रादा और रिचर्ड क्विन ने हाल ही में रिबन का फैशन आम चलन में लाने न्यूयार्क फैशन शो में छोटी सी पहल की। यहां 'बो' का इस्तेमाल टाई, क्लोज़र और बड़े-छोटे कपड़ों के हिस्से के रूप में किया जाता था। वहीं रिबन एक बेहतरीन गर्लिश डिज़ाइन है जिसे आप किसी भी परिधान में जोड़ सकते हैं। आप बॉक्सी आकार में धनुष लगा सकते हैं और फिर भी प्यारा और आरामदायक महसूस कर सकते हैं।



लाइफ स्टाइल

## चावल के आटे से दमकेगी आपकी स्किन

अगर आप चाहती हैं कि त्यौहारों और विवाह समारोहों में आपकी स्किन नेचुरली ग्लो करे तो ऐसे में आप चावल के आटे की मदद से स्क्रब बनाकर उसे अप्लाई कर सकती हैं। ओट्स को एक बेहतरीन एक्सफोलिएटिंग एजेंट के रूप में जाना जाता है, इसलिए आप चावल के आटे के साथ ओट्स को मिक्स करके एक बेहतरीन स्क्रब तैयार कर सकती हैं।  सबसे पहले चावल का आटा, ओट्स, दूध और शहद को मिक्स करें।  अब आप इसे अपने फेस पर लगाएं और बेहद हल्के हाथों से सर्कुलर मोशन में स्क्रब करें।  अब आप 10 मिनट तक इसे ऐसे ही छोड़ दें।  अंत में, स्किन को वॉश करें और फिर उसे मॉइश्चराइज करना ना भूलें। चावल के आटे और गुलाब जल से एक ऐसा फेस स्क्रब बनाया जा सकता है, जो ना केवल डेड स्किन को हटाता है, बल्कि इससे आपकी स्किन को सूदिंग अहसास भी होता है। अगर आपको अपनी स्किन थकी हुई महसूस हो रही है तो यह फेस स्क्रब आपके लिए काफी अच्छा रहेगा। सबसे पहले एक बाउल में चावल का आटा और गुलाब जल डालकर मिक्स करें। अब आप इस मिश्रण को अपनी स्किन पर लगाएं और हल्के हाथों से एक्सफोलिएट करें। अब आप दस मिनट के लिए इसे स्किन पर ऐसे ही छोड़ दें।  अंत में, आप पानी की मदद से स्किन को क्लीन करें व उसे मॉइश्चराइज करें।
त्वचा के लिए चावल के आटे के फायदे

### एक्सफोलिएशन

चावल का आटा त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाता है, जिससे त्वचा मुलायम और चमकदार बनती है।



### निखार और रंगत में सुधार

इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और प्राकृतिक ब्लीचिंग गुण त्वचा की रंगत को एक समान करने और दाग-धब्बों को हल्का करने में मदद करते हैं।

### अतिरिक्त तेल को कम करना:

यह त्वचा के अतिरिक्त तेल को सोखता है, जिससे तैलीय त्वचा के लिए यह फायदेमंद है और मुंहासों को कम करने में भी मदद करता है।

### रोमछिद्रों को कसना:

चावल के आटे में एस्ट्रिंजेंट गुण होते हैं जो रोमछिद्रों को छोटा करने और कसने में मदद करते हैं।

## पहनना है कुर्ता तो इनसे लीजिए स्टाइलिश टिप्स



लड़कियां तो त्योहार-शादियों के लिए एथनिक वियर आसानी से पसंद कर लेती हैं, दिक्कत आती है लड़कों के सामने। उन्हें समझ नहीं आता कि वो कैसे कपड़े पहनें। ऐसे में आपके लिए भारतीय पेशेवर मॉडल या क्रिकेटरों के कुछ ऐसे लुक्स, जिससे आप टिप्स ले सकते हैं।



### रोहित शर्मा

क्रिकेट टीम के कप्तान के एथनिक लुक्स बेहद स्टाइलिश हैं। ऐसे में आप उनसे टिप्स ले सकते हैं। व्हाइट पायजामे के साथ उनका ये हरा कुर्ता लुक बेहद शानदार है।

### विराट कोहली

टीम इंडिया के सबसे स्टाइलिश और क्लासी खिलाड़ी विराट कोहली के पास कुर्तों का काफी शानदार कलेक्शन है। ऐसे में आप उनसे टिप्स ले सकते हैं। उनके लुक्स से टिप्स लेकर तो आप कमाल ही लगेंगे।



### रविंद्र जडेजा

रविंद्र जडेजा किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। आप अगर इनके लुक्स से टिप्स लेना चाहते हैं तो कुर्ता पायजामे के साथ हॉफ जैकेट जरूर पहनें।

### केएल राहुल

अपनी धमाकेदार बल्लेबाजी से टीम को कई मैच जिताने वाले केएल राहुल स्टाइल के मामले में भी सबसे आगे हैं। दिवाली के हिसाब से उनका ये चिकनकारी कुर्ता काफी बेहतर विकल्प है।

### ईशान किशन

टीम इंडिया के सबसे शरारती खिलाड़ी कहे जाने वाले ईशान किशन का कुर्ता लुक बेहद धमाकेदार होता है। आप उन्हीं की तरह ऐसे स्टाइलिश लुक कैरी कर सकते हैं। इस तरह का लुक कैरी करने के बाद आप सबसे स्मार्ट लगेंगे।

## हल्दी की मदद से बनाएं हेयर पैक, मजबूत होंगे आपके बाल

अगर आप अपने बालों को नेचुरल तरीके से मजबूत बनाना चाहती हैं तो ऐसे में आप हल्दी की मदद से हेयर पैक बनाकर उसे अप्लाई कर सकती हैं। अगर हल्दी के हेयर पैक का इस्तेमाल किया जाता है तो इससे बालों में एक शाइन आती है। साथ ही साथ, रूसी व हेयर लॉस की समस्या भी दूर होती है।  अगर आप अपने बालों को मजबूत और शाइनी बनाना चाहती हैं तो ऐसे में हल्दी और केले की मदद से हेयर पैक तैयार किया जा सकता है।  सबसे पहले एक कांटे की मदद से केले से अच्छी तरह से मैश कर लें।  अब इसमें हल्दी, शहद, तेल औ एलोवेरा जेल को डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। अब आप तैयार मास्क को सेक्शन करते हुए अपने बालों में लगाती जाएं।  इसे करीबन 30-45 मिनट के लिए छोड़ दें।  अंत में, एक जेंटल शैम्पू की मदद से बालों को वॉश करें।हल्दी और शहद से बनाएं हेयर पैक यह हेयर पैक ना केवल बालों को मजबूती देता है, बल्कि उसे अतिरिक्त पोषण भी प्रदान करता है। रूखे बालों के लिए यह हेयर पैक काफी अच्छा है।    सबसे पहले दो अलग-अलग



कटोरियों में अंडा व केला अच्छी तरह मैश कर लें।  अब इन दोनों को आपस में मिक्स करें। साथ ही इसमें हल्दी व शहद भी डालें।  तैयार मास्क को बालों में लगाकर आधे घंटे के लिए छोड़ दें।   फिर बालों को शैम्पू करें।अगर आपकी स्कैल्प संसेटिव है तो ऐसे में आप हल्दी और दही की मदद से हेयर पैक बना सकती हैं।

## शादी के लिए परफेक्ट रहेंगे लहंगे के ये सटल डिजाइंस

स्टाइलिश दिखने के लिए आपको अपनी स्किन टोन के हिसाब से कलर्स का चुनाव करना चाहिए। इसके लिए आपको लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को समझना बेहद जरूरी होता है। हम सभी शादी के फंक्शन में जाने के लिए अपने लुक को कई तरीके से स्टाइल करना पसंद करते हैं और इसके लिए हम ज्यादातर लहंगे को पहनना पसंद करते हैं। इसके लिए आपको कलर और डिजाइन का चुनाव भी सोच-समझकर करना चाहिए। वैसे तो आपको मार्केट में कई कलर्स लहंगे में देखने को मिल जाएंगे, लेकिन दिन के शादी की बात करें तो अब चलन में सटल डिजाइन और कलर्स के लहंगे काफी पसंद किए जा रहे हैं। तो चलिए हम आपको दिखाने वाले हैं दिन की शादी में पहनने के लिए सटल कलर और डिजाइंस के लहंगे जिन्हें आप आसानी से स्टाइल कर  सकते हैं।

### मेहंदी फंक्शन में पहनने के लिए

मेहंदी फंक्शन में ज्यादातर ब्राइट कलर को पहना जाता है और इस खूबसूरत डिजाइनर लहंगा स्कर्ट आउटफिट को डिजाइनर ब्रांड द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह का लहंगा आपको मार्केट में लगभग 1500 रुपये से लेकर 2000 रुपये में असानी से मिल जाएगा।

### शादी के दिन के लिए

फ्लोरल डिजाइन को एवरग्रीन पसंद किया जाता है। इस खूबसूरत डिजाइन के ऑफ व्हाइट कलर के लहंगे को डिजाइनर महिमा महाजन द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह का लहंगा आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये से लेकर 3500 रुपये में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के लुक के साथ आप ग्रीन कलर की ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं।



कार्नर न्यूज

कुछ खास टिप्स अपना कर बन सकते हैं स्टाइलिश

## मेंस फैशन में लंबे बालों को सहेजने 'मैन बन' अपनाईए, स्टाइलिश दिखने के साथ बढ़ जाएगी चेहरे की रौनक

'पुरुषों को बाल छोटे रखने चाहिए' अक्सर यही सुनने को मिलता है और लंबे बाल वाले पुरुषों को इसके चलते दिक्कत भी खूब होती है। लेकिन इसके बाद भी बड़े बाल रखने वाले कई पुरुष हैं। ये वो पुरुष हैं जो लंबे बाल तो रखते ही हैं बन भी बनाते हैं। लेकिन बन सारे पुरुषों पर अच्छा ही लगे ये जरूरी तो नहीं। मगर कुछ खास टिप्स के साथ बन पुरुषों पर अच्छा लगता ही है। ये टिप्स मैन बन को आपके लुक में ऐसा शामिल कराएंगे कि आप इन्हें आसानी से स्टाइल करेंगे और लोगों की तारीफ़ भी सुनेंगे।

### 'मैन बन' बनाने के आसान टिप्स

'मैन बन' यानी पुरुषों के लंबे बालों पर सजा बन। अगर ये स्टाइल रखने से आप अभी तक पीछे हट रहे थे तो अब आप इन स्टाइल को खास टिप्स के साथ आजमा सकते हैं-

### कैसे-कैसे 'मैन बन'

बालों का जूड़ा स्टाइल ही 'मैन बन' है लेकिन ये भी कई तरीके के होते हैं जैसे जब बन सिर पर बहुत ऊंचाई



पर बनाया गया होता है तो उसे टॉपनॉट कहते हैं। लेकिन जब बन बेहद ढीला बंधा होता है तो उसे फुल बन कहते हैं। जब पुरुष मैन बन बनाने की कोशिश करते हैं तो उन्हें सिर्फ योंहीं बाल पकड़ कर बन बनाने की जरूरत नहीं है बल्कि वे कई तरह के स्टाइल बना सकते हैं।

### हाफ अप

जैसा कि नाम से ही पता चल रहा है। इसमें सिर्फ आधे बालों से ही बन बनाया जाता है। ये उन पुरुषों के लिए सही है जिनके बाल सच में लंबे हैं। मतलब बाल पुरुषों के कंधों से भी नीचे हैं तब ही हाफ अप बन अच्छा लगता है।

### लो बन

ये बन सिर में पीछे की ओर बनाया जाता है। इसमें बन सिर के क्राउन पर नहीं बनता है। नाम के मुताबिक इसे बिलकुल सिर के पीछे नीचे की ओर बनया जाता है।

### फेड के साथ मैन बन

ये एक ऐसा बन है जिसके लिए आपको अक्सर सैलून जाना होगा। इसमें सिर में ऊपर के बाल का बन बनाया जाता है। सिर्फ में नीचे के सारे बाल चोट कर दिए जाते हैं। ये बड़े बालों से बिलकुल अलग हो जाते हैं।

### बन एंड बियर्ड

याद रखिए ये वो स्टाइल है जिसमें हर तरह के बाल चल जाते हैं, जैसे स्ट्रेट या कर्ली। इस लुक में सिर पर बन होता है तो बियर्ड भी ठीक से बढ़ाई गई होती है।

### किस पर सूट करेगा 'मैन बन'

जैसे सभी हेयर स्टाइल चेहरे के आकार के हिसाब से सूट करते हैं, ठीक वैसे ही 'मैन बन' भी हर चेहरे पर सूट नहीं करता है। जैसे टॉप नॉट उन पुरुषों पर अच्छा लगता है जिनका बोन स्ट्रक्चर बहुत डिफाइन नहीं होता है। क्योंकि इसके साथ चेहरा लंबा नजर आ सकता है।  इसके साथ चेहरा पतला भी नजर आता है। टॉपनॉट को अगर दाढ़ी के साथ मैच किया जाए तो ये काफी मेस्क्युलिन स्टाइल बन जाता है।

